हरिभूमि
छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित
समाचार ही नहीं, विचार भी
haribhoomi.com
रायपुर, शनिवार 17 अक्टूबर 2026

Hello!

To the homes that know us,
And those we're yet to meet.

Smart Living,
2 million homes and counting.

STARSHINE»
Designed For Life



ATUL

SCAN TO ORDER

STARSHINE»
+91 97524 46375
starshine.co.in

An Arham Technologies Limited Brand
arhamtechnologies.co.in

मोहन राज में सुगम सफर



मध्यप्रदेश में शहर और गांव का सफर सुगम बनाने का संकल्प प्रदेश सरकार पूरा कर रही है

भोपाल

मध्यप्रदेश में सार्वजनिक परिवहन के नए दौर की शुरुआत मुख्यमंत्री डॉ. यादव के कार्यकाल में हुई है। इनमें 120 इंटरसिटी और 231 इंट्रासिटी बसें हैं, जो इंदौर, भोपाल, जबलपुर, रीवा, देवास, कटनी और भिंड के यात्रियों को सुरक्षित, सुलभ और किफायती सफर करा रहीं है। योजना के तहत प्रदेश में लगभग 1006 बसें चलना शुरू होंगी, जबकि वर्ष 2031 तक 14981 से अधिक आधुनिक बसों के संचालन का लक्ष्य है। इससे रोज़ 30 लाख से ज़्यादा यात्रियों को लाभ मिलेगा। वर्ष 2031 तक 75 प्रतिशत ग्राम पंचायतें बस सेवा से जुड़ेंगी और 180 से अधिक बस स्टैंड, टर्मिनल व डिपो नए स्वरूप में नज़र आएंगे। सुरक्षा पर विशेष ज़ोर है। बसे सीसीटीवी कैमरे, पैनिक बटन और रियल-टाइम लोकेशन ट्रैकिंग से होगी, और आईटीएमएस के ज़रिये कमांड-कंट्रोल सेंटरों से निगरानी की जाएगी। इलेक्ट्रिक बसों के विस्तार से पर्यावरण को राहत मिलेगी और युवाओं के लिए रोज़गार के नए अवसर भी बनेंगे।

किसी भी प्रदेश की तरक्की का पैरामीटर वहां की परिवहन सेवा भी है। सफर कितना सुगम और सरल है। लोग कितनी आसानी से एक जगह से दूसरी जगह पहुंच सकते हैं। रोज़ काम पर जाने वाले लोग, पढ़ाई के लिए शहर आने वाले विद्यार्थी, इलाज या रोज़गार के लिए निकले ग्रामीण और सफ़र करती महिलाएं, सभी को सुरक्षित, समयबद्ध और किफायती सार्वजनिक परिवहन की ज़रूरत होती है। इसी ज़रूरत को समझते हुए राज्य की डॉ.मोहन यादव सरकार ने 'मुख्यमंत्री सुगम परिवहन सेवा' के रूप में एक बड़ी जनहितैषी सौगात मध्यप्रदेश को दी है। इस योजना की खास बात ये है कि इससे शहर और गांव दोनों लाभान्वित होंगे। इस योजना की खास बात है कि मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने व्यवस्था को सुगम बनाने के लिए निर्देश दिए और तत्काल इस पर अमल शुरू हो गया, आने वाले समय में यह सुविधा और बेहतर होगी।

01 शुरुआत में 351 बसें प्रदेश के 7 क्षेत्रों में दौड़ना शुरू हुईं

02 प्रदेश की 75 फीसदी पंचायतों को मिलेगा लाभ

03 2031 तक होंगी 14981 हजार बसें, कुल-30 लाख लोग होंगे लाभान्वित



एडवांस तकनीक वाला है बसो का स्टेयरिंग

मुख्यमंत्री सुगम परिवहन सेवा अंतर्गत शुरू होने वाली इंटरसिटी और इंट्रासिटी बसों के संचालन को आधुनिक, सुरक्षित और सुविधाजनक बनाने की दिशा में परिवहन विभाग ने पूरी तैयारी कर ली है। इसके अंतर्गत सड़कों पर दौड़ने वाली बसों का स्टेयरिंग एडवांस तकनीक से प्रशिक्षित ड्राइवरों के हाथों में होगा। इसके लिए बस चालकों को इलेक्ट्रिक और सीएनजी बसों की तकनीक, संचालन और सुरक्षा मानकों से परिचित कराने के लिए आवश्यक प्रशिक्षण दिया जा रहा है। इससे नई तकनीक वाली बसों का सुरक्षित और सुचारू संचालन सुनिश्चित करने में मदद मिलेगी।

चालकों को दिया जाएगा प्रशिक्षण

प्रदेश में वाहन चालकों को आधुनिक बसों की सुरक्षित ड्राइविंग के लिए प्रशिक्षण दिया जाएगा। इसके लिए इंदौर और छिंदवाड़ा में इंस्टीट्यूट ऑफ ड्राइविंग ट्रेनिंग एंड रिसर्च सेंटर स्थापित किए गए हैं, जहां वाहन चालकों को प्रशिक्षण दिया जा रहा है। इसके साथ ही प्रदेश में 5 रीजनल ड्राइविंग ट्रेनिंग सेंटर भी जल्द तैयार हो जाएंगे। ये सेंटर भोपाल, बैतूल, छतरपुर, उज्जैन और ग्वालियर में स्थापित किए जा रहे हैं। इसके अलावा जिला स्तर पर 22 ड्राइवर ट्रेनिंग सेंटर भी जल्द तैयार किए जाएंगे। इन प्रशिक्षण केंद्रों के माध्यम से वाहन चालकों को आधुनिक तकनीक, सुरक्षा मानकों तथा इलेक्ट्रिक और सीएनजी बसों के संचालन के लिए आवश्यक प्रशिक्षण दिया जाएगा।

पहले फेज में इन शहरों में चल रहीं 351 बसें

- इंदौर के लिए 145 बस, जिसमें 50 इंटरसिटी, 95 इंट्रासिटी
- भोपाल के लिए 106 बसें, जिसमें 23 इंटरसिटी, 83 इंट्रासिटी
- जबलपुर के लिए 67 बसें, जिसमें 14 इंटरसिटी,53 इंट्रासिटी
- रीवा की 18 और देवास की 10 इंटरसिटी बस
- कटनी की 3 और भिंड की 2 इंटरसिटी बसों को रवाना किया गया

दो श्रेणियों में बस सेवा

351 बसों को एक साथ हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया। इसे दो श्रेणियों में विभाजित किया गया है। इसमें 120 इंटरसिटी बसें हैं। ये बसें दो या दो से अधिक शहरों के बीच आवागमन को सुगम और तीव्र बनाएंगी। 231 इंट्रासिटी बसें शहरों के भीतर नागरिकों को सुरक्षित, सुलभ और सस्ती यात्रा सुविधा प्रदान करेंगी।

पैनिक बटन और जीपीएस से बढ़ेगी सुरक्षा

मुख्यमंत्री सुगम परिवहन सेवा में यात्रियों की सुरक्षा और बसों की निगरानी के लिए तकनीक का उपयोग किया जाएगा। बसों में पैनिक बटन और जीपीएस की सुविधा रहेगी। जीपीएस के माध्यम से बसों की लाइव लोकेशन की निगरानी की जा सकेगी। पैनिक बटन आपात स्थिति में यात्रियों की सुरक्षा के लिए महत्वपूर्ण माध्यम के रूप में काम करेगा।

साल-दर-साल बढ़ेगी बसों की संख्या

राज्य सरकार ने मुख्यमंत्री सुगम परिवहन सेवा के अंतर्गत अगले पांच वर्षों में सार्वजनिक परिवहन सेवा का विस्तार करते हुए बसों की संख्या 14981 बढ़ाने का लक्ष्य निर्धारित किया है। इसके लिए परिवहन विभाग द्वारा चरणबद्ध कार्य योजना भी तैयार की गई है। इसके अनुसार प्रतिवर्ष 2500 से तीन हजार नई बसें जोड़ी जाएंगी। विभिन्न क्षेत्रों में यात्रियों के लिए आवागमन के अधिक विकल्प होंगे।

इंटरसिटी और इंट्रासिटी बसों का संचालन

मुख्यमंत्री सुगम परिवहन सेवा अंतर्गत प्रदेश में इंटरसिटी और इंट्रासिटी बसों का संचालन शुरू किया गया है। इससे शहरों के बीच आवागमन के साथ ही शहरों के भीतर सार्वजनिक परिवहन की सुविधाएं बढ़ेंगी। सेवा का उद्देश्य प्रदेशवासियों को बेहतर कनेक्टिविटी के साथ सुगम, सुरक्षित और भरोसेमंद परिवहन सुविधा उपलब्ध कराना है। इंटरसिटी बसें दो या दो से अधिक शहरों को जोड़ेंगी, जबकि इंट्रासिटी बसें शहरों के भीतर चलेंगी।

पीपीपी मॉडल से निजी ऑपरेटरों की भी होगी सशक्त भागीदारी

बसों के साथ दौड़ेगा रोजगार, सुगम परिवहन सेवा से निवेश और स्वरोजगार को मिलेगी बड़ी रफ्तार

बस संचालन से लेकर इलेक्ट्रिक मोबिलिटी और चार्जिंग इंफ्रास्ट्रक्चर तक बढ़ेगा निवेश

मध्यप्रदेश में शुरू हो रही 'मुख्यमंत्री सुगम परिवहन सेवा' सिर्फ यात्रियों के सफर को आसान बनाने की योजना नहीं है, यह प्रदेश के युवाओं के लिए रोज़गार और स्वरोजगार के नए रास्ते भी खोलेगी। योजना के तहत परिवहन क्षेत्र का विस्तार होने से बस संचालन, वाहन निर्माण, इलेक्ट्रिक मोबिलिटी, चार्जिंग इंफ्रास्ट्रक्चर और तकनीकी सेवाओं जैसे कई संबद्ध क्षेत्रों में निवेश की संभावनाएँ बढ़ेंगी। इससे परिवहन से जुड़े उद्योगों को प्रोत्साहन मिलेगा और युवाओं के लिए नए अवसर बनेंगे। योजना में निजी भागीदारी पर भी खास जोर है। जन-निजी भागीदारी (पीपीपी) को गति देने के लिए पारदर्शी अनुबंध प्रणाली और प्रोत्साहन योजनाएँ लागू की जाएंगी। इस मॉडल से निजी बस ऑपरेटरों को राजस्व रिसाव रोकने, विज्ञापन और कार्गो सेवाओं जैसी नॉन-फेयर आय बढ़ाने तथा आधुनिक डिपो और टर्मिनलों के उपयोग की सुविधा मिलेगी। प्रशासन का पूर्ण सहयोग भी उन्हें मिलेगा।



7 कमांड-कंट्रोल सेंटर स्थापित किए गए

बसों की निगरानी के लिए मध्य प्रदेश यात्री परिवहन एण्ड इंफ्रास्ट्रक्चर लिमिटेड और उसकी 7 सहायक कंपनियों में अत्याधुनिक कमांड-कंट्रोल सेंटर स्थापित किए गए हैं। इंटेलिजेंट ट्रांसपोर्ट मैनेजमेंट सिस्टम के जरिये इन केंद्रों से बसों के संचालन, लोकेशन और समयबद्धता की रियल टाइम निगरानी होगी। सभी बसों में 7 सीसीटीवी कैमरे, पैनिक बटन और रियल-टाइम व्हीकल लोकेशन ट्रैकिंग सिस्टम लगाए जा रहे हैं। पैसेंजर इंफॉर्मेशन सिस्टम, ड्राइवरों की तकनीकी ट्रेनिंग और त्वरित शिकायत निवारण तंत्र से यात्रा सुरक्षित और समयबद्ध होगी। यह आधुनिक व्यवस्था तकनीकी और प्रशिक्षित मानव संसाधन की नई मांग भी पैदा करेगी। सरकार का लक्ष्य प्रदेश में 14981 से अधिक आधुनिक बसें चलाने का है। जैसे-जैसे यह नेटवर्क फैलेगा, परिवहन क्षेत्र में रोजगार और निवेश का दायरा बढ़ेगा।

बसों में पैनिक बटन, सीसीटीवी और रियल-टाइम लोकेशन ट्रैकिंग

गांव तक पहुंचेगी बस, सफर में सुरक्षित रहेंगी बेटियां

बस सेवा में महिला और बाल सुरक्षा सर्वोच्च प्राथमिकता

2031 तक 75 फीसदी बस सेवा ग्राम पंचायतों तक

मध्यप्रदेश में शुरू हो रही मुख्यमंत्री सुगम परिवहन सेवा गांवों को शहरों से जोड़ने और महिलाओं के सफर को सुरक्षित बनाने की दिशा में बड़ा कदम मानी जा रही है। योजना के तहत साल 2031 तक 75 प्रतिशत ग्राम पंचायतों को बस सेवा से जोड़ा जाएगा, जिससे ग्रामीण कनेक्टिविटी को नई मजबूती मिलेगी। इसके लिए प्रदेशभर में लगभग 14981 से अधिक आधुनिक सार्वजनिक बसें चलाई जाएंगी, जिनसे प्रतिदिन 30 लाख से ज्यादा यात्रियों को सुरक्षित आवागमन की सुविधा मिलेगी। सार्वजनिक बसों में महिला और बाल सुरक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता दी गई है। सभी बसों को सीसीटीवी कैमरों, पैनिक बटन और रियल-टाइम व्हीकल लोकेशन ट्रैकिंग सिस्टम से लैस किया जा रहा है। पैसेंजर इंफॉर्मेशन सिस्टम, ड्राइवरों की तकनीकी ट्रेनिंग और त्वरित शिकायत निवारण तंत्र के जरिए सुरक्षित और समय पर यात्रा सुनिश्चित की जाएगी। इससे परिवहन व्यवस्था सुरक्षित, सुगम, पारदर्शी और प्रभावी बनेगी।



बसों के संचालन और लोकेशन पर रहेगी निगरानी

बसों की निगरानी इंटेलिजेंट ट्रांसपोर्ट मैनेजमेंट सिस्टम से की जाएगी। इसके लिए मध्य प्रदेश यात्री परिवहन एंड इंफ्रास्ट्रक्चर लिमिटेड और उसकी 7 सहायक कंपनियों में आधुनिक कमांड-कंट्रोल सेंटर स्थापित किए गए हैं। यहाँ से बसों के संचालन, लोकेशन और समय की रियल टाइम निगरानी होगी।

गांव-शहर की दूरी होगी कम

ग्रामीण क्षेत्रों के लिए यह योजना खास मानी जा रही है। बस सेवा से जुड़ने पर गांव के लोगों, विद्यार्थियों और महिलाओं को काम, पढ़ाई, इलाज और बाजार के लिए शहर तक पहुंचना आसान होगा। साथ ही 180 से अधिक आधुनिक बस स्टैंड, टर्मिनल और डिपो का कायाकल्प भी किया जाएगा। सरकार तकनीक, सुरक्षा और पर्यावरण से जोड़ने का दावा कर रही है।

20 साल बाद लौटीं सरकारी बसें, उम्मीदों को लगे पंख

सुगम परिवहन सेवा से आमजनों में उत्साह, कहा-व्यापार होगा आसान

बरसों के इंतज़ार के बाद प्रदेश की सड़कों पर सरकारी बसों की वापसी से आम लोगों में उत्साह है। मुख्यमंत्री सुगम परिवहन सेवा की शुरुआत से पहले ही देवास, रायसेन और विदिशा जैसे शहरों में लोगों की उम्मीदें बसों के साथ दौड़ने लगी हैं। कहीं व्यापारी इंदौर आना-जाना आसान होने से कारोबार बढ़ने की आस लगाए हैं, तो कहीं युवा इसे रोजगार और आय के नए स्रोत खुलने का मौका मान रहे हैं। देवास के लोगों का कहना है कि 20 वर्षों बाद सरकारी बसें मिलने से निजी बसों के ज़्यादा किराए से राहत मिल रही है और परिवार के साथ सुरक्षित यात्रा का भरोसा बढ़ा है। रायसेन में इसे उन गांवों के लिए वरदान बताया जा रहा है, जहां सड़क संपर्क सीमित है और लोगों को जिला मुख्यालय पहुंचने में लंबा सफर तय करना पड़ता था।

20 वर्षों बाद बस सेवा शुरू होने से देवास में खुशी

देवास में मेडिकल संचालक दशरथ यादव ने बताया कि 20 वर्षों से प्रदेश में सरकार द्वारा संचालित बसों की सेवाएं नहीं मिल पा रही थी। प्रायवेट बसों की सीट छोटी होती है और किराया ज्यादा होता है, लेकिन अब सरकार द्वारा संचालित बसों में बेहतर सुविधा कम किराए पर मिलने लगी है। शहरवासी राम बाबू ने बताया कि बसें चलने से एक शहर से दूसरे शहर जाने में सुविधा होगी। सरकारी बसों में सुविधा के साथ सुरक्षा मिलने से परिवार के साथ यात्रा करना सकुन भरा रहता है। का नाम भी शामिल है।



दशरथ यादव



राम बाबू

हर एक वर्ग में है उत्साह, कहा इससे जीवन होगा आसान



अब ज्यादा पैदल नहीं चलना पड़ता

प्रदेश सहित रायसेन जिले में मुख्यमंत्री सुगम बस परिवहन सेवा योजना ग्रामीण क्षेत्रों के लिए वरदान है। खासकर उन गांवों के लिए जहां सड़क संपर्क सुविधा सीमित है और लोगों को जिला मुख्यालय या अन्य प्रमुख केंद्रों तक पहुंचने के लिए अक्सर लंबी दूरी तक पैदल चलना पड़ता है। इंजीनियर मोहित सोनी का कहना है कि सरकार ने बस संचालकों के लिए व्यवहार्यता अंतर निधि का भी प्रावधान किया है। जिससे उनकी वित्तीय स्थिरता और दूरदराज के इन इलाकों में निरंतर सेवा सुनिश्चित हुई है। यह बस सेवा बहु आयामी सुविधा साबित होगी। वहीं युवा सुमेश यादव ने बताया कि सुगम बस सेवा रायसेन गांव मुख्यधारा जुड़ें हैं।



मोहित सोनी



सुमेश यादव

यात्रियों की जरूरत के अनुसार संचालन बेहतर

विदिशा से विभिन्न शहरों को जोड़ने वाली बस सेवा की पहल को स्वागत योग्य बताते हुए रेल सलाहकार समिति के पूर्व सदस्य कमलेश सेन का कहना है कि पहले राज्य परिवहन की बसें चलती थीं, जो समय के साथ बंद हो गईं। ऐसे में यह प्रयास सकारात्मक कदम है। लेकिन इसका वास्तविक लाभ तभी मिलेगा जब विदिशा-भोपाल के दैनिक यात्रियों के लिए मासिक पास की सुविधा तत्काल मिले और सुबह-शाम उपयुक्त समय पर बसों का संचालन समय पर किया जाए। इससे रेल यात्रियों को भी एक सुविधाजनक और किफायती वैकल्पिक परिवहन मिल सकेगा।



कमलेश सेन

व्यापारियों को मिलेगी राहत

व्यावसायी मोहन पटना का इस परिवहन सेवा को लेकर कहना है कि व्यवसाय के संबंध में बसों से सैकड़ों की संख्या में लोग विदिशा से अन्य शहरों में परिवहन करते हैं। विदिशा के व्यापारियों के व्यवसाय का भी मुख्य केंद्र इंदौर होता जा रहा है। लेकिन लेकिन अभी इंदौर तक सिर्फ सुबह एक बस है और लौटने के लिए शाम को एक बस है। बीच में बस के माध्यम से इंदौर तक आने जाने के लिए कोई सुविधा नहीं है। सरकार की योजना से व्यापारियों को काफी राहत मिल सकेगी।



मोहन पटना

D-19198/26



हरिभूमि

छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi.com | रायपुर, शनिवार 17 अक्टूबर 2026

10वीं के अंकों के आधार पर तय होगा पूर्व अग्निवीरों का सिपाही बनना, पहले बैच वालों को उम्र में पांच वर्ष की छूट, छत्तीसगढ़ियों को ही मिलेगा मौका

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

खास खबर

सेना की अग्निपथ योजना में चार साल की सेवा पूरी कर चुके पूर्व अग्निवीर अब राज्य में पुलिस आरक्षक, वनरक्षक और जेल प्रहरी बन सकेंगे। राज्य सरकार ने इन पदों पर पूर्व अग्निवीरों की भर्ती के लिए नए नियम बनाए हैं। इसके तहत उनके लिए तृतीय श्रेणी के इन पदों पर 10 प्रतिशत क्षैतिज आरक्षण का प्रावधान किया गया है। खास बात यह है कि भर्ती में चयन 10वीं की परीक्षा में प्राप्त अंकों के आधार पर तैयार मेरिट सूची से किया जाएगा। इन पदों के लिए पूर्व अग्निवीरों को लिखित परीक्षा और शारीरिक योग्यता एवं दक्षता परीक्षा से पूरी तरह छूट दी गई है। सामान्य ▶▶|शेष पेज 6 पर

10वीं के अंकों से बनेगी मेरिट सूची

भर्ती के लिए पूर्व अग्नि वीरों की बैच वार मेरिट सूची तैयार की जाएगी। इसमें 10वीं की परीक्षा में प्राप्त अंकों को आधार बनाया जाएगा। यदि दो अभ्यर्थियों के अंक समान होते हैं, तो अधिक उम्र वाले अभ्यर्थी को मेरिट सूची में ऊपर स्थान दिया जाएगा। वैकल्पिक रूप से भारत सरकार के गृह मंत्रालय से प्राप्त पूर्व अग्नि वीरों की मेरिट सूची के आधार पर भी चयन सूची तैयार की जा ▶▶|शेष पेज 6 पर



पहले 10% आरक्षित पदों पर होगी नियुक्ति

अधिसूचना के अनुसार, वित्त विभाग से भर्ती की अनुमति मिलने के बाद स्वीकृत पदों की संख्या के 10 प्रतिशत पदों पर श्रेणीवार आरक्षण के तहत पूर्व अग्नि वीरों की नियुक्ति के आदेश पहले जारी किए जाएंगे। शेष पदों पर भर्ती के लिए मांगपत्र या प्रस्ताव छत्तीसगढ़ कर्मचारी चयन मंडल को भेजा जाएगा। यदि किसी श्रेणी में पात्र पूर्व अग्निवीर उपलब्ध नहीं होते हैं, तो ऐसे पद अगले भर्ती वर्ष के लिए आगे नहीं बढ़ाए जाएंगे।

सीएम हेल्पलाइन 1076 की समीक्षा में सख्त रुख

शिकायत निपटाने में लापरवाही, तहसीलदार सस्पेंड, एक को नोटिस



हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने शुक्रवार को सीएम हेल्पलाइन 1076 के कामकाज की समीक्षा की। इस दौरान शिकायतों के निराकरण में लापरवाही का मामला सामने आने पर कबीरधाम जिले के तहसीलदार को निलंबित किया गया है। इसके साथ ही एक अन्य मामले में बिलासपुर के तहसीलदार को नोटिस भी जारी किया गया है। समीक्षा के दौरान मुख्यमंत्री ने दर्ज शिकायतों के निराकरण में अनावश्यक देर और लापरवाही पर सख्त ▶▶|शेष पेज 6 पर

डेढ़ साल से लंबित था सीमांकन

समीक्षा में कबीरधाम जिले की पथरिया तहसील के सीमांकन प्रकरण में करीब डेढ़ साल की देरी सामने आई। शिकायतकर्ता छबील पाली ने बताया कि उन्होंने अप्रैल 2025 में सीमांकन के लिए आवेदन दिया था, लेकिन लंबे समय तक प्रकरण का निराकरण नहीं हुआ। मुख्यमंत्री ने इसे गंभीर प्रशासनिक लापरवाही मानते हुए कलेक्टर ▶▶|शेष पेज 6 पर

खबर संक्षेप

आडवाणी अस्पताल में भर्ती, सीने में इंफेक्शन

नई दिल्ली। भाजपा के वरिष्ठ नेता और भारत के पूर्व उप प्रधानमंत्री लालकृष्ण आडवाणी को सीने में इंफेक्शन और उम्र से जुड़ी स्वास्थ्य समस्याओं के इलाज के लिए अपोलो अस्पताल में भर्ती कराया गया है।



वहां उनका इलाज हो रहा है। लालकृष्ण आडवाणी 98 साल के हैं। वह आगामी 8 नवंबर को अपना 99वां जन्मदिन मनाने वाले हैं। आडवाणी वर्तमान में दिल्ली में 30, पृथ्वीराज रोड स्थित आवास पर रहते हैं। साल 2024 के दिसंबर में भी आडवाणी को अपोलो अस्पताल के आईसीयू में भर्ती कराया गया था। जानकारी के मुताबिक, वह चिकित्सा मूल्यांकन और मेडिकल जांच के लिए एडमिट हुए थे।



कनॉट प्लेस और मंडी हाउस में सीजेपी सहित कई छात्र संगठनों ने किया प्रदर्शन

'लहरा दो तिरंगा' प्रदर्शन, एहतियातन हिरासत में लिए गए दीपके और नेहा

कॉकरोच जनता पार्टी (सीजेपी) के नेता अभिजीत दीपके और ऑल इंडिया स्टूडेंट्स एसोसिएशन (आइसा) की अध्यक्ष नेहा बोरा को दिल्ली पुलिस ने शुक्रवार को 'लहरा दो तिरंगा' प्रदर्शन में भाग लेने जाते समय एहतियातन हिरासत में ले लिया। हालांकि इसके बाद भी पुलिस की भारी तैनाती के बीच शुक्रवार शाम कनॉट प्लेस और मंडी हाउस में सीजेपी और आइसा के सैकड़ों समर्थकों और छात्र संगठनों के सदस्यों ने विरोध-प्रदर्शन किया।

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नई दिल्ली

सीजेपी संस्थापक अभिजीत दीपके को झंडेवालान स्थित उनके आवास से हिरासत में लिया गया, वहीं आइसा अध्यक्ष नेहा बोरा को मंडी हाउस से हिरासत में लिया गया। इन हिरासतों के दौरान भीड़, कैमरा कर्मियों और सुरक्षाकर्मियों के बीच धक्का-मुक्की के दृश्य देखने को मिले। पुलिस सूत्रों ने बताया कि हिरासत में लेने के बाद दीपके को जाफरपुर कलां थाने ले जाया गया। इससे पहले दिन में, दिल्ली पुलिस के 20 से अधिक पुलिसकर्मी झंडेवालान स्थित दीपके के आवास पर पहुंचे और उन्हें एक नोटिस ▶▶|शेष पेज 6 पर

'मैंने क्या किया, मैं तो अकेला हूं, कहते रहे दीपके



दीपके जैसे ही घर से निकले दिल्ली पुलिस के अफसरों ने उन्हें हिरासत में ले लिया। पुलिस की इस कार्रवाई पर दीपके ने गुस्सा जाहिर किया है और पुलिस वालों से पूछा कि मैंने क्या किया? ▶▶|शेष पेज 6 पर

विवादित एसआईआर व सीईसी ज्ञानेश के विरोध स्वरूप सड़कों पर उतरे हैं लोग



प्रदर्शनकारियों ने कनाट प्लेस, मंडी हाउस में किया पैदल मार्च

पुलिस की भारी तैनाती के बीच शुक्रवार शाम कनॉट प्लेस और मंडी हाउस में राष्ट्रीय ध्वज लिए कॉकरोच जनता पार्टी (सीजेपी) के सैकड़ों समर्थकों और छात्र संगठनों के सदस्यों ने विरोध-प्रदर्शन किया। प्रदर्शनकारियों ने कनॉट प्लेस के इनर सर्किल में पैदल मार्च किया और अलग-अलग जगहों पर रुक-रुक कर 'जय हिंद' के नारे लगाए। कुछ लोगों ने राष्ट्रगान भी गाया। वे इस दौरान तितर-बितर होने के साथ ही फिर से इकट्ठा होते रहे।

'किसी के लिए प्रदर्शन जरूरी, किसी के लिए मूंगफली बेचना'

सुप्रीम कोर्ट ने शुक्रवार को दिल्ली के व्यापारियों की याचिका पर तत्काल आदेश देने से इंकार कर दिया। याचिका में कॉकरोच जनता पार्टी (सीजेपी) के सेंट्रल पार्क में प्रदर्शन से कारोबार प्रभावित होने की आशंका जताई गई थी। जस्टिस जॉयमाल्या बागची ने प्रदर्शन से जुड़ी अन्य याचिकाओं का जिक्र करते हुए कहा, 'कोई प्रदर्शन करना चाहता है, कोई मूंगफली बेचना चाहता है, कोई कानून-व्यवस्था चाहता है, ये सभी बातें आपस में जुड़ी हैं।' प्रदर्शन के कारण नई ▶▶|शेष पेज 6 पर

नवा रायपुर में 150 करोड़ की औद्योगिक इकाई का साय ने किया भूमिपूजन



हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

छत्तीसगढ़ में औद्योगिक विकास का लाभ प्रदेश के युवाओं तक रोजगार और आर्थिक अवसरों के रूप में पहुंचे, यह राज्य सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकताओं में शामिल है। इसी उद्देश्य से नई औद्योगिक विकास नीति में ऐसे श्रम आधारित उद्योगों को विशेष प्रोत्साहन दिया जा रहा है, जिनमें अपेक्षाकृत कम पूंजी निवेश के साथ बड़ी संख्या में रोजगार सृजित करने की क्षमता है। राज्य सरकार का लक्ष्य केवल निवेश आकर्षित करना नहीं, बल्कि निवेश को रोजगार, स्थानीय अर्थव्यवस्था की मजबूती और प्रदेश की ▶▶|शेष पेज 6 पर

अधिक रोजगार देने वाले उद्योगों को विशेष प्राथमिकता

वित्त मंत्री ओपी. चौधरी ने कहा कि मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के नेतृत्व में छत्तीसगढ़ की औद्योगिक नीति की सोच में महत्वपूर्ण बदलाव आया है। अब निवेश का मूल्यांकन केवल निवेश की राशि से नहीं, बल्कि उससे उत्पन्न होने वाले रोजगार के अवसरों के आधार पर भी किया जा रहा है। प्रदेश में लंबे समय तक अधिक पूंजी निवेश और ▶▶|शेष पेज 6 पर

बच्ची को बचाने तेंदुए से भिड़ गया पिता फिर गांव वालों ने मिलकर दबोचा



15 को घायल, दो की जान ले चुका है तेंदुआ

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नगरी

खास खबर

जिले के उदंती-सीतानदी टाइगर रिजर्व के वनांचल क्षेत्र के गांवों में करीब 15 लोगों पर हमला कर दहशत फैलाने वाले तेंदुए को आखिरकार गांव वालों ने पकड़ लिया। इसी तेंदुए के हमले से दो की जान भी जा चुकी है। पकड़े जाने से पहले भी तेंदुए ने एक बच्ची पर हमला किया था, जिसे बचाने उसके पिता तेंदुए से भिड़ गए। मदद के लिए पहुंचे ग्रामीणों ने जान की परवाह किए बिना तेंदुए को दबोच लिया। इस दौरान कुछ ग्रामीण जख्मी भी हुए हैं। बच्ची को सुरक्षित बचा लिया गया है। वहीं तेंदुए को वन विभाग को सौंप दिया गया है।

कारीपानी और आमानाला में तेंदुए के लगातार हमले से पिछले ▶▶|शेष पेज 6 पर

गांववालों ने ली राहत की सांस

इसके बाद सूचना मिलने पर वन विभाग की टीम मौके पर पहुंची। उदंती-सीतानदी टाइगर रिजर्व के डिप्टी डायरेक्टर वरुण जैन के अनुसार पकड़े गए तेंदुए को प्राथमिक उपचार के बाद जंगल सफारी भेजने की तैयारी की जा रही है। विशेषज्ञ चिकित्सकों की निगरानी में रखकर उसकी जांच की जाएगी। तेंदुए में रेबीज की आशंका को देखते हुए भी चिकित्सकीय परीक्षण कराया जाएगा।



10 हजार से अधिक दर्शक बने ऐतिहासिक मुकाबले के गवाह

भारत ने 4 विकेट से जिम्बाब्वे को हराया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

शहीद वीर नारायण सिंह अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट स्टेडियम में शुक्रवार को पहली बार आयोजित भारत और जिम्बाब्वे की महिला टी-20 अंतरराष्ट्रीय सीरीज का पहला मुकाबला भारतीय टीम के नाम रहा। भारत ने जिम्बाब्वे को 4 विकेट से हराकर तीन मैचों की सीरीज में 1-0 की बढ़त बना ली। भारतीय महिला टीम की इस जीत के गवाह 10 हजार से अधिक दर्शक बने। स्मृति मंधाना के लिए रायपुर में यह मुकाबला यादगार रहा। हालांकि, भारतीय गेंदबाजों का प्रदर्शन पूरी तरह प्रभावी नहीं रहा, लेकिन बल्लेबाजों ने जिम्मेदारी निभाते हुए टीम को जीत तक पहुंचा दिया। ▶▶|शेष पेज 6 पर



शुरुआत में लड़खड़ाई भारतीय टीम

116 रन के लक्ष्य का पीछा करने उतरी भारतीय टीम की शुरुआत बेहद खराब रही। कप्तान स्मृति मंधाना 9 रन बनाकर आउट हुईं, जबकि शेफाली वर्मा 4 रन ही बना सकीं। अनुषा शर्मा भी 4 रन बनाकर पवेलियन लौट गईं। हरमनप्रीत कौर के बल्ले से भी सिर्फ 1 रन निकला। महज 19 रन पर भारत ने अपने चार विकेट गंवा दिए थे।

रायपुर में महिला क्रिकेट का यादगार आगाज

रायपुर में पहली बार हुए इस महिला टी-20 अंतरराष्ट्रीय मुकाबले को लेकर दर्शकों में खासा उत्साह देखने को मिला। 10 हजार से अधिक क्रिकेट प्रेमियों की मौजूदगी ने स्टेडियम का माहौल उत्साहपूर्ण बना दिया। चौकों पर दर्शकों ने तालियां बजाईं और विकेट गिरने पर भी जमकर प्रतिक्रिया दी। भारतीय टीम की जीत ने रायपुर में महिला अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट के पहले मुकाबले को यादगार बना दिया।

रिलायंस का एलन मस्क को जवाब, हम कॉम्पिटिशन से डरते नहीं, स्वागत करते हैं

एजेंसी ▶▶| मुंबई

स्टारलिंक विवाद पर रिलायंस इंडस्ट्रीज ने एलन मस्क को जवाब दिया है। रिलायंस इंडस्ट्रीज ने साफ-साफ कहा कि कंपनी कभी कॉम्पिटिशन से डरती नहीं, बल्कि उसका स्वागत करती है। रिलायंस इंडस्ट्रीज (आरआईएल) ने शुक्रवार को अपने बयान में कहा कि वह भारत के सैटेलाइट कम्युनिकेशन बाजार में एलन मस्क की कंपनी स्टारलिंक (स्टारलिंक) समेत सभी कंपनियों से प्रतिस्पर्धा का स्वागत करती है। हालांकि, कंपनी ने इस बात पर जोर दिया कि सभी ऑपरेटरों को देश के कानूनों और रेगुलेटरी नियमों का पालन करना होगा। दरअसल, रिलायंस और भारतीय बाजार को लेकर हाल ही में की गई एलन मस्क की टिप्पणियों के बीच कंपनी ने एक बयान जारी किया। इस बयान में रिलायंस इंडस्ट्रीज ने कहा कि वह घरेलू और विदेशी कंपनियों के निवेश और इनोवेशन का समर्थन करती है, बशर्ते वे देश के कानूनों के दायरे में रहकर काम करें।

जियो ने कहा- दोनों के लिए मंजूरी की प्रक्रिया एक जैसी होनी चाहिए

'जियो भी कर रही मंजूरी का इंतजार'

बयान में कहा गया, 'जैसा कि भारत सरकार ने बताया है कि वह हर आवेदक के लिए एक जैसी प्रक्रिया अपनाती है, चाहे वह भारतीय हो या विदेशी। जियो की अपनी सैटेलाइट सेवाएं भी अभी मंजूरी का इंतजार कर रही हैं।' रिलायंस ने कहा कि वह प्रतिस्पर्धा को ग्राहकों की सेवा करने का एक जरूरी हिस्सा मानती है। कंपनी ने 2016 में टेलीकॉम सेक्टर में जियो की एंट्री को अपने इसी नजरिए के एक उदाहरण के तौर पर पेश किया। कंपनी ने कहा, 'रिलायंस ने कभी प्रतिस्पर्धा से डरना नहीं सीखा। हम इसे इस बात की सबसे सच्ची कसौटी मानते हैं कि ग्राहकों की सबसे अच्छी सेवा कौन करता है।'



देश के कानूनों और नीतियों का पालन करें

रिलायंस ने कहा, 'हम सैटेलाइट कम्युनिकेशन में कॉम्पिटिशन (प्रतिस्पर्धा) का स्वागत करते हैं, जिसमें स्टारलिंक भी शामिल है। जियो समेत हर कंपनी को भारत के लोगों की सेवा करनी चाहिए और देश के कानूनों और नीतियों का पालन करना चाहिए।' कंपनी ने यह भी बताया कि जियो की सैटेलाइट कम्युनिकेशन सेवाएं अभी रेगुलेटरी मंजूरी का इंतजार कर रही हैं। कंपनी ने जोर देकर कहा कि भारतीय और विदेशी आवेदकोंदोनों के लिए मंजूरी की प्रक्रिया एक जैसी होनी चाहिए।

प्रतिस्पर्धा का बाजार

यह बयान भारत के सैटेलाइट ब्रॉडबैंड बाजार में बढ़ती प्रतिस्पर्धा के बीच आया है। इस बाजार में स्टारलिंक (स्टारलिंक) और जियो (जिओ) की सैटेलाइट सेवाएं अपनी जगह बनाने की कोशिश कर रही हैं। रिलायंस ने दोहराया कि निवेश और नवाचार के लिए खुले बाजार के साथ-साथ सभी कंपनियों पर एक समान नियामकीय व्यवस्था लागू होनी चाहिए। कंपनी ने कहा, 'हर भारतीय कंपनी की तरह रिलायंस भी ऐसे भारत में आगे बढ़ी है, जो घरेलू और अंतरराष्ट्रीय निवेश और नवाचार का स्वागत करता है, बशर्ते वे लोगों के जीवन को बेहतर बनाएं।'

खबर संक्षेप

जयशंकर और रूबियो 20 को करेंगे मुलाकात



नई दिल्ली। विदेश मंत्री एस जयशंकर और अमेरिका के विदेश मंत्री मार्को रूबियो 20 अक्टूबर को मुलाकात कर दोनों देशों के बीच द्विपक्षीय साझेदारी को मजबूत करने के तरीकों पर चर्चा करेंगे। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने कहा, ''विदेश मंत्री 19 और 20 अक्टूबर, 2026 को मुंबई में संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) के उप प्रधानमंत्री और विदेश मंत्री शेख अब्दुल्ला बिन जायद अल नाहयान की आधिकारिक यात्रा के दौरान उनकी मेजबानी करेंगे। इसके बाद 20 अक्टूबर को विदेश मंत्री अमेरिका के विदेश मंत्री मार्को रूबियो के साथ वार्ता करेंगे।

दिल्ली दंगेः हत्या के मामले में सात आरोपी बरी

नई दिल्ली। राष्ट्रीय राजधानी की एक अदालत ने 2020 के दिल्ली दंगों के दौरान एक व्यक्ति पर जानलेवा हमला से जुड़े मामले में सात लोगों को हत्या और अन्य गंभीर आरोपों से मुक्त कर दिया, लेकिन उन्हें निषेधाज्ञा का उल्लंघन करने का दोषी ठहराया। अदालत ने कहा कि केवल एक पुलिसकर्मी की गवाही के आधार पर आरोपियों को जानलेवा हमले का दोषी ठहराना उचित नहीं होगा, क्योंकि उसकी गवाही की पुष्टि के लिए अन्य साक्ष्यों की जरूरत थी। अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश प रवीण सिंह ने सातों आरोपियों को हत्या समेत अन्य आरोपों से बरी कर दिया।

सुप्रीम कोर्ट सख्त, सभी मामलों को किया गया सूचीबद्ध

राहुल, सीजेपी, दिल्ली प्रदर्शन और एसआईआर पर होगी अलग-अलग सुनवाई, तारीखें तय

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

दिल्ली में प्रदर्शनों और पुलिस की कार्रवाई को लेकर कई याचिकाएं सुप्रीम कोर्ट में दाखिल की गई हैं। इन याचिकाओं में प्रदर्शन के अधिकार, पुलिस की कार्रवाई, पत्रकारों की सुरक्षा और प्रशासन की ओर से लगाए गए प्रतिबंधों जैसे मुद्दे उठाए गए हैं। सुप्रीम कोर्ट ने सभी मामलों को अलग-अलग समूहों में बांटकर सुनवाई करने का फैसला किया है। मुख्य न्यायाधीश जस्टिस सूर्यकांत और जस्टिस जॉयमाल्या बागची की पीठ ने अलग-अलग मामलों की सुनवाई के लिए अलग तारीखें तय की हैं। कोर्ट ने केंद्र सरकार और दूसरी संबंधित एजेंसियों से जवाब भी मांगा है।

3 नवंबर को दिल्ली के प्रदर्शनों पर सुनवाई : सुप्रीम कोर्ट ने दिल्ली में हुए प्रदर्शनों, पुलिस की कार्रवाई और जंतर-मंतर पर प्रदर्शन की जगह से जुड़े ज्यादातर मामलों की अगली सुनवाई 3 नवंबर को तय की है। कोर्ट ने याचिकाकर्ताओं और केंद्र सरकार की ओर से पेश वकीलों को नोडल वकील भी नियुक्त किया है। उन्हें 28 अक्टूबर तक सभी मामलों को अलग-अलग समूहों में बांटने को कहा गया है, ताकि हर समूह के लिए अलग जवाब दाखिल किया जा सके।



निजी पक्ष भी जमा कर सकते हैं फुटेज व डिजिटल सबूत

सुप्रीम कोर्ट ने जांच एजेंसियों को निर्देश दिया है कि वे अपने पास मौजूद सीसीटीवी फुटेज और दूसरे डिजिटल सबूत सुरक्षित रखें। निजी पक्षों के पास यदि इस मामले से जुड़ा कोई सबूत है, तो वे उसे भी कोर्ट में जमा कर सकते हैं। इसके अलावा, केंद्र सरकार को दिल्ली में बीएनएसएस की धारा 163 के तहत जारी आदेशों को भी कोर्ट के सामने रखने को कहा गया है। इसमें 23 अगस्त 2026 के आदेश के अलावा दूसरे संबंधित आदेश भी शामिल हैं।

एसआईआर मामले की सुनवाई 27 को

चुनाव आयोग के एसआईआर अभियान से जुड़े कुछ मामलों की अगली सुनवाई 27 अक्टूबर को होगी। सुप्रीम कोर्ट ने इन मामलों में नोटिस जारी कर जवाब मांगा है। इन याचिकाओं को पहले से चल रहे एक मामले के साथ जोड़ने का भी आदेश दिया गया है। एक याचिका में शामिल छठे याचिकाकर्ता की याचिका को फिलहाल इस शर्त पर स्वीकार किया गया है कि वे अपने आचरण के बारे में कोर्ट को सफाई देंगे।

महिला पत्रकार के खिलाफ सख्त कार्रवाई पर रोक

महिला पत्रकार से कथित छेड़छाड़ की शिकायत से जुड़े मामले में सुप्रीम कोर्ट ने अहम आदेश दिया है। कोर्ट ने कहा है कि फिलहाल उस महिला पत्रकार के खिलाफ कोई सख्त कार्रवाई नहीं की जाए, जिसकी शिकायत पर विचार किया जा रहा है। इस मामले में अगली सुनवाई 5 नवंबर को होगी।

सुप्रीम कोर्ट में तारीखें तय

27 अक्टूबर: राहुल गांधी और उनसे जुड़ी एसआईआर (एफआईआर) याचिकाएं।
3 नवंबर: दिल्ली विरोध-प्रदर्शनों से जुड़ा मुख्य मामला, पुलिस की कार्रवाई, जंतर-मंतर और इससे जुड़े अन्य मामले।
5 नवंबर: महिला पत्रकारों के कथित यौन उत्पीड़न का मामला।
19 नवंबर: बीएनएसएस की धारा 172 की संवैधानिक वैधता और धारा 163 के तहत जारी निषेधाज्ञा को दी गई अलग-अलग चुनौतियां।

संजय राउत से मांगा जवाब

सुप्रीम कोर्ट ने शिवसेना (यूबीटी) सांसद संजय राउत से कहा है कि वे सीजेआई सूर्यकांत और न्यायपालिका के बारे में की गई अपनी टिप्पणियों को लेकर अपने आचरण पर स्पष्टीकरण दें। सीजेआई सूर्यकांत और जस्टिस जॉयमाल्य बागची की पीठ ने, राउत के आचरण पर स्पष्टीकरण मांगे जाने की शर्त के साथ, एसआईआर से जुड़े मामलों के समूह में उनकी याचिका को फिलहाल स्वीकार कर लिया है।

परिसीमन-महिला आरक्षण बिल पर

संसद का विशेष सत्र इसी माह बुलाने की तैयारी में सरकार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नई दिल्ली

सरकार इसी महीने संसद का विशेष सत्र बुला सकती है। इसमें परिसीमन और महिला आरक्षण से जुड़े संविधान संशोधन विधेयक लाए जा सकते हैं। सूत्रों के मुताबिक लोकसभा में पास कराने लायक संख्या सरकार के पास है। 17 अप्रैल को बजट सत्र में ऐसा ही एक विधेयक गिर गया था। अब सरकार डीएमके और कुछ छोटे विपक्षी दलों से समर्थन के लिए बात कर रही है। यह सब ऐसे समय हो रहा है जब विपक्ष मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण यानी एसआईआर और मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार को लेकर विरोध तेज कर रहा है। सूत्रों ने बताया है कि सरकार विपक्षी दलों से संपर्क करके समर्थन जुटाने की कोशिश भी कर रही है।



मानसून सत्र का सत्रावसान नहीं हुआ

संसद का मानसून सत्र 13 अगस्त को खत्म हो गया था, लेकिन उसका सत्रावसान अभी नहीं हुआ है। मतलब कि सत्र खत्म जरूर हुआ है, पर उसे औपचारिक रूप से बंद नहीं किया गया है। इसी वजह से विशेष बैठक बुलाने का रास्ता खुला हुआ है। सरकार फिलहाल सत्र की तारीखें और कार्यक्रम तय करने में लगी है।

डीएमके सहित छोटे दलों के संपर्क में सरकार

सूत्रों का कहना है कि इस बार सरकार द्रविड़ मुनेत्र कषगम यानी डीएमके से बातचीत कर रही है। यह संपर्क तमिलनाडु चुनाव के बाद डीएमके के कांग्रेस से अलग होने और इंडिया गठबंधन से बाहर निकलने के बाद शुरू हुआ है। इसके अलावा सरकार कुछ छोटे विपक्षी दलों के भी संपर्क में है। मकसद वोटिंग से पहले अपनी संख्या मजबूत करना है।

ब्रिक्स संसदीय मंच का भी रखा गया है ध्यान

विशेष सत्र की तारीख तय करते समय 12वें ब्रिक्स संसदीय मंच का ध्यान रखा जाएगा। यह कार्यक्रम 26 और 27 अक्टूबर को संविधान सदन में होना है। सूत्रों के मुताबिक विशेष बैठक बुलाने से पहले करीब एक हफ्ते का नोटिस दिया जा सकता है। दूसरी तरफ विपक्ष एसआईआर और मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार को लेकर सरकार को घेर रहा है। ऐसे माहौल में ही विशेष सत्र की तैयारी चल रही है।

बेटी के सामने पिता की पीट-पीटकर हत्या, मामला दर्ज

सीतापुर। उत्तर प्रदेश के सीतापुर जिले में बृहस्पतिवार शाम राष्ट्रीय राजमार्ग पर एक दलित व्यक्ति की उसकी 10 वर्षीय बेटी के सामने पीट-पीटकर हत्या कर दी गई। पुलिस ने बताया कि मृतक की पहचान मनोज गौतम (35) के रूप में हुई है। पुलिस के मुताबिक, मनोज अपनी बेटी के साथ स्थानीय बाजार से लौट रहे थे कि तभी कुछ लोगों ने उन्हें रास्ते में रोककर हमला कर दिया जिससे उनकी मौत हो गई। पुलिस ने दो महिलाओं समेत छह लोगों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कर चार आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया गया है।



प्रेमी को भी फांसी होगी, मेरठ में 3 दिन में 4 को मौत की सजा

पति की हत्या कर सांप छोड़ने वाली रविता को सजा-ए-मौत

एजेंसी ▶▶| मेरठ

पति की हत्या करके सांप से डसवाने वाली रविता और उसके प्रेमी अमरदीप को वारदात के 547 दिन बाद मेरठ जिला कोर्ट ने फांसी की सजा सुनाई है। शुक्रवार को सजा सुनाने से पहले कोर्ट ने रविता और अमरदीप का पक्ष वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग से सुना। जज ने दोनों से पूछा- तुम दोनों को हत्या का दोषी ठहराया गया है। क्या सजा चाहते हो? रविता ने कहा- मेरे 3 छोटे-छोटे बच्चे हैं। उनका ख्याल रखा जाए। फिर वह चुप हो गई। इसके बाद अमरदीप ने कहा- मेरे मां-बाप बूढ़े हैं। उनकी सेवा करने वाला कोई नहीं है। उनकी देखभाल में कोई कमी न रहे। इसके बाद दोनों फूट-फूट कर रोने लगे। जज ने सजा सुनाने के बाद पेन तोड़ दिया।

यह है मामला

यह सनसनीखेज घटना 17 अप्रैल 2025 की रात की है। रविता के अपने प्रेमी अमरदीप के साथ अवैध संबंध थे। अपने रास्ते के सबसे बड़े कांटे यानी पति अमित कश्यप को रास्ते से हटाने के लिए दोनों ने मिलकर एक खूनी साजिश रची। योजना के तहत, पहले रविता और अमरदीप ने मिलकर अमित कश्यप की गला घोंटकर बेरहमी से हत्या कर दी। इसके बाद हत्या को एक दुर्घटना या सर्पदंश (सांप के काटने से मौत) का रूप देने के लिए कमरे में एक सांप लाकर छोड़ दिया गया, ताकि सबको लगे कि अमित की मौत सांप के डसने से हुई है।

अमेरिका के ओरेगन में वारदात

प्राइमरी स्कूल में फायरिंग 5 की मौत, हमलावर भी ढेर

एजेंसी ▶▶| ओरेगन

अमेरिका के ओरेगन राज्य के बेंड शहर में प्राइमरी स्कूल में 16 साल के एक लड़के ने गोलीबारी की। गोली लगने से तीन बच्चों समेत पांच लोगों की मौत हो गई। मृतकों में एक टीचर भी शामिल है। वहीं, जवाबी कार्रवाई में हमलावर भी मारा गया। हालांकि यह पता नहीं चल सका कि उसे पुलिस ने गोली मारी या उसने स्वयं को गोली मार ली या किसी और ने गोली मारी। ओरेगन शिक्षा विभाग के अनुसार, पोर्टलैंड से 160 किलोमीटर दूर दक्षिण-पूर्व में स्थित बेंड के इस स्कूल में पिछले साल 459 छात्र नामांकित थे। इस स्कूल में किंडरगार्टन से लेकर पांचवीं कक्षा तक के बच्चे पढ़ते हैं।

टीचर और तीन मासूम बच्चों की मौत

बेंड पुलिस चीफ ने बताया कि मारे गए तीन बच्चों की उम्र 5, 8 और 11 साल थी। 7 साल का एक और बच्चा और 54 साल के एक टीचर घायल हो गए, जिन्हें गंभीर हालत में अस्पताल ले जाया गया। पुलिस के अनुसार, हमलावर बेंड का ही रहने वाला था। उसने स्कूल के बंद दरवाजों पर गोली चलाकर अंदर जबरन प्रवेश किया और अंधाधुंध गोलीबारी कर दी।

हरिभूमि HEALTH CARE
छत्तीसगढ़ के मेडिकल विशेषज्ञ

सुविधाएं : मेडिसिन, पॉलीट्रामा, बर्न एण्ड प्लास्टिक लाप्रोस्कोपिक सर्जरी, जनरल सर्जरी, स्पाईन एण्ड न्यूरो सर्जरी, आर्थो, कैंसर (कीमोथैरेपी व सर्जरी), स्त्री रोग, जोड़ प्रत्यारोपण
पाल जी स्वास्तिक नर्सिंग होम
बर्न एण्ड पॉलीट्रामा सेंटर मल्टी स्पेशलिटी हॉस्पिटल
(आयुष्मान भारत स्कीम के तहत निःशुल्क ईलाज की सुविधा उपलब्ध)
श्यामनगर जल विहार कॉलोनी पानी टंकी के पास तेलीबांधा मरीन ड्राइव के पीछे
मो. 7991031330 मो. 0771-4347172

अष्टविनायक हॉस्पिटल
बच्चों एवं महिलाओं का अस्पताल
• प्रसूति • नवजात • शिशु रोग • सभी प्रकार के ऑपरेशन • सोनोग्राफी • आयुष्मान कार्ड • बच्चो के ऑपरेशन • अनुभवी डॉक्टर्स प्रतिदिन
आमा सिवनी, विधानसभा रोड, रायपुर (छ.ग.), 9826182221 9301744425

डायबिटिज मधुमेह का सर्वोत्तम इलाज - अब दिल्ली, मुंबई, चेन्नई क्यू जाना
मधुमीत डायबिटिज हॉस्पिटल
डॉ राका शिवहरे MBBS, MD FNIC FIPA
भर्ती सुविधा उपलब्ध
Ecg, Echo, Tmt, Doppler, Carotid, Doppler, Insulin, Pump, Cgms, Homa IR
शिव मंदिर चौक, अवंति विहार, रायपुर, मो. 8269885003, मो. 7389485756

डॉ. राठौर चेस्ट क्लिनिक
दमा, टी.बी., छाती एवं एलर्जी रोग विशेषज्ञ
सुविधाएं : पी.एफ.टी., ब्रांकोस्कोपी, स्लीप स्टडी
स्पेशलिस्ट : खांसी, श्वांस, दमा, टी.बी., निमोनिया, एलर्जी फेफड़े का कैंसर, खर्राटे व नींद
समय दोपहर 2.00 बजे से शाम 7.00 बजे तक (रविवार अवकाश)
गरचा कॉम्प्लेक्स, कचहरी चौक, जेल रोड़, रायपुर मो. 7999450384, 7042974029

AB आई हॉस्पिटल
आयुष्मान कार्ड एवं इंश्योरेंस सुविधा उपलब्ध
लेज़र मोतियाबिंद ऑपरेशन किफायती दरों में
पता : - 119/A सेक्टर - 3, गीतांजली नगर, रायपुर | मो.: 8815096478

डायबिटिज / शुगर संबंधी सभी समस्याएं, थायराइड, मोटापा, प्रेग्नेंसी डायबिटिस, फुलबॉडी चेकअप, डायबिटिक सेक्स रोग, नसों की सुन्नता।
डायबिटिक क्लीनिक
Dr. Satyajeet Sahu Advance Dibetes & Thyroid care centre
Diabetic Clinic
Appointments No. 7724035770 9329004557 9303724304
17, गुरूकुल कॉम्पलेक्स, कालीबाड़ी रायपुर, समय - सुबह 10 से 5, शाम 6 से रात 9 बजे तक

कान, नाक, गला, एलर्जी एवं वर्टिगो (चक्कर) कोअब्लेशन एवं लेजर सर्जरी हॉस्पिटल
डॉ. जाऊलकर ई.एन.टी. हॉस्पिटल
सेन्ट्रल एवेन्यू चौबे कालोनी प्रगति कॉलेज रायपुर (छ.ग.) (ISO 9001-2000 Certified)
फोन: 0771-4044551 समय: सुबह 9.30 से 4.30 तक

सभी प्रकार के स्किन एवं बाल संबंधी समस्याओं का निदान, मुंहासे, झांई, झुर्रियों का इलाज, अनचाहे बालों हेतु लेजर ट्रीटमेंट
सिंघानिया स्किन केयर
Makeover Skin, Hair & Aesthetic Cente
36, प्रथम तल, गुरूकुल कॉम्प्लेक्स कालीबाड़ी, रायपुर 0771-4053311
Email:bsinghania111@yahoo.co.in
रानी सती मंदिर के पास, केनाल लिंकिंग रोड, रवीनगर, राजातालाब, रायपुर
मो. 94252-14479 0771-4020411
www.makeoverraipur.com
त्वचा व बाल संबंधी समस्याओं का इलाज

उपलब्ध विशेषताएं
• लेप्रोस्कोपिक एवं जनरल सर्जरी • जनरल मेडीसीन • ऑर्थोपेडिक्स • जोड़ प्रत्यारोपण सर्जरी • ऑन्कोलॉजी (सर्जिकल) • गायनेकोलॉजी
अग्रवाल हॉस्पिटल
(मल्टीस्पेशियेलिटी सेन्टर)
जी.ई.रोड, आर.के.सी. कॉम्पलेक्स के सामने, रायपुर (छ.ग. 492001)
फोन: +91-0771-4088107/108, ईमरजेंसी नंबर 9109187755, डॉ. सजन अग्रवाल - 9329101037
लेप्रोस्कॉपिक सर्जरी में सभी प्रकार की हार्निया, अपेन्डिक्स, पित की थैली, बच्चादानी आदि से संबंधित ऑपरेशन सभी तरह की कैंसर सर्जरी एवं कीमोथेरेपी की सुविधा उपलब्ध
OPD समय - शाम 4 से 6 बजे

डॉ. मनोज अग्रवाला
एमडी (सीएमसी वेल्लोर) (गोल्ड मेडलिस्ट)
स्किन क्लिनिक
सेवाएं • मुहासें • सोरासिस • स्किन एलर्जी • पिगमेंटेशन • विटिलियो / ल्यूकोडरमा • पीआरपी थेरेपी • एलोपेसिया • अर्टीकेरिया • फंगल इंफेक्शन • टैली कंसल्टेशन • लेजर थेरेपी
चौबे कॉलोनी, रायपुर (छत्तीसगढ़) 0771-4003777, 77778-76292

विज्ञापन हेतु संपर्क करें:-
7987119756, 9303508130



हरिभूमि

छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

राजतंत्र से चली आ रही परंपरा, पंचमी को मना दशहरा, पर रावण नहीं जला

हरिभूमि न्यूज ⏭ डांड़गांव

शारदीय नवरात्र पर पूरा सरगुजा देवी की आराधना में लीन है। नवरात्र के बाद रावण दहन के साथ दशहरा का त्यौहार मनाया जाएगा लेकिन सरगुजा का एक ऐसा गांव भी है जहां पंचमी को ही दशहरा मनाया गया। डांडगोइहा ठाकुर देव धाम में गांव के लोगों ने विधि विधान से दसईं पूजा करने के साथ ही दशहरा का त्यौहार मनाया। इस दौरान गांव में दो दिनों तक मेले का आयोजन किया गया। ग्रामीणों ने गांव और जिले की खुशहाली के लिए पूजा अर्चना करने के साथ ही मांदर की थाप पर जमकर थिरके। हम बात कर रहे है ⏭शेष पेज 6 पर

नवरात्रि-1 दिन

पूजा-अर्चना करने ठाकुर देव धाम में उमड़ी श्रद्धालुओं की भीड़

चढ़ाई गई बकरों की बलि

सदियों परम्परा के अनुसार जब लोग अपनी परेशानी लेकर मन्नत मांगने आते हैं और मंनन्त पूरा हो जाता है तो बलि प्रथा के तहत ठाकुर देव के विशेष पूजा के रूप में बलि चढ़ाई जाती है। आज बड़ी संख्या में श्रद्धालुओ ने मन्नत पूरी होने पर दर्जनों बकरों की बलि बैगा द्वारा चढ़ाई गई।



पूरा गांव जगमगाया

जैसे ही ठाकुर देव धाम में पूजा का समय आता है उससे पहले ही डांड़गांव के लोग अपने घरों में साफ सफाई कर पूरे गांव में जगमगा देते हैं। बड़े ही धूमधाम से ठाकुर देव धाम को ग्रामीण क्षेत्रों में मनाया जाता है। जहां सैकड़ों की संख्या में लोग शाम को ही पहुंचना शुरू कर देते हैं। ठाकुर देव धाम में शिवा राम बैगा एवं उनके टीम द्वारा पूजा अर्चना करवाया जाता है।

भूमिफोड़ स्वरूप में प्रकट होने की मान्यता



अकलवारा में शयन मुद्रा में विराजित मां दंतेश्वरी

अमीन पप्पू रवानी ⏭ बेमेतरा

छत्तीसगढ़ के गांव-गांव में देवी-देवताओं के अलग-अलग स्वरूप और उनसे जुड़ी लोकमान्यताएं श्रद्धालुओं की आस्था का केंद्र हैं। इसी कड़ी में बेमेतरा जिले के साजा विकासखंड अंतर्गत ग्राम अकलवारा में मां दंतेश्वरी का अनोखा स्वरूप श्रद्धालुओं को आकर्षित करता है। यहां माता की प्रतिमा शयन मुद्रा यानी सोई हुई अवस्था में विराजमान है। स्थानीय मान्यता के अनुसार, माता भूमि को फोड़कर स्वयंभू ⏭शेष पेज 6 पर

साल में दो बार जलते हैं ज्योति कलश

गांव के देवेंद्र कुमार साहू ने बताया कि माता दंतेश्वरी मंदिर में साल में दो बार ज्योति कलश प्रज्ज्वलित किए जाते हैं। श्रद्धालुओं की आस्था का अंदाजा इसी बात से लगाया जा सकता है कि यहां ज्योति कलश की संख्या लगातार बढ़ रही है। देवकर-साजा मार्ग से गुजरने वाले कई श्रद्धालु भी माता के दर्शन के लिए मंदिर पहुंचते हैं। भक्तों का विश्वास है कि सच्चे मन से पूजा-अर्चना करने और ज्योति कलश प्रज्ज्वलित करने से माता उनकी मनोकामनाएं पूरी करती हैं।

कस्टम मिलिंग की नई नीति, कई कड़े प्रावधान

धान की हेराफेरी रोकने ऑनलाइन फंदा एक-एक बोरी पर होगा क्यूआरकोड

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

छत्तीसगढ़ सरकार ने वर्ष 2026-27 के लिए धान की कस्टम मिलिंग नीति जारी कर दी है। खास बात ये है कि कस्टम मिलिंग की प्रक्रिया को अधिक पारदर्शी बनाने और सरकारी धान की साइकिलिंग तथा हेराफेरी पर रोक लगाने के लिए राज्य सरकार ने नई नीति में डिजिटल निगरानी और समयबद्ध चावल जमा करने पर जोर दिया है।

खास खबर

नई व्यवस्था के तहत चावल की बोरियों पर क्यूआर कोड आधारित ट्रैकिंग की व्यवस्था होगी। वहीं, राइस मिलों को उनकी वार्षिक मिलिंग क्षमता के अधिकतम 75 प्रतिशत तक ही धान कस्टम मिलिंग के लिए मिलेगा। चावल जमा करने में निर्धारित समयसीमा का पालन नहीं करने पर मिलरों पर आर्थिक दंड लगाने और आवंटित स्टेक निरस्त करने का भी प्रावधान किया गया है। खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण विभाग की नीति के अनुसार, खरीफ विपणन वर्ष 2026-27 से राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम (एनएफएसए) और अन्य निर्दिष्ट योजनाओं के तहत चावल की बोरियों पर क्यूआर कोड अंकित करने ⏭शेष पेज 6 पर

मिलरों की वार्षिक क्षमता के 75 प्रतिशत तक ही मिलेगा धान



मिलिंग क्षमता के आधार पर होगा धान का आवंटन

नीति में राइस मिलों के पंजीयन और धान आवंटन की प्रक्रिया को भी नियंत्रित किया गया है। कस्टम मिलिंग के लिए मिल का पंजीयन अनिवार्य होगा। भौतिक सत्यापन के बाद ही स्टेट फूड प्रोक्योरमेंट पोर्टल (एसएफपीपी) पर पंजीयन किया जाएगा। मिलरों को अपनी बिजली खपत का विवरण पोर्टल पर दर्ज करना होगा तथा निजी स्रोत से प्राप्त धान-चावल और सरकारी धान-चावल का अलग-अलग रिकॉर्ड रखना होगा। पोर्टल के माध्यम से यह जानकारी सेंट्रल फूड प्रोक्योरमेंट पोर्टल तक भी पहुंचाई जाएगी। नीति के मुताबिक, मिलरों को उनकी वार्षिक मिलिंग क्षमता के अधिकतम 75 प्रतिशत तक धान आवंटित किया जाएगा। मिल की पंजीकृत क्षमता के आधार पर पहली अनुमति चार माह की मिलिंग क्षमता के बराबर दी जाएगी। इसके बाद एक बार में अधिकतम छह माह की मिलिंग क्षमता के बराबर अनुमति दी जा सकती है। जिन राइस मिल संचालकों के खिलाफ राज्य सरकार ⏭ शेष पेज 6 पर

25 कार्य दिवस में स्टेक पूरा करना होगा

कस्टम मिलिंग के बाद चावल जमा करने की प्रक्रिया के लिए भी समयसीमा तय की गई है। भारतीय खाद्य निगम या नागरिक आपूर्ति निगम से स्टेक आवंटित होने के 25 कार्य दिवस के भीतर उसे पूरा करना होगा। निर्धारित अवधि में स्टेक पूरा नहीं करने पर आवंटित मात्रा में से चावल जमा करने के लिए शेष मात्रा पर 10 रुपये प्रति क्विंटल की दर से पेनाल्टी लगेगी। इसके अलावा आवंटित स्टेक को निरस्त भी किया जा सकता है। नीति में यह भी स्पष्ट किया गया है कि पिछले अनुबंध की मिलिंग पूरी करने और उसके तहत पूरा चावल जमा करने के बाद ही मिलर को नई मिलिंग की अनुमति दी जाएगी। सामान्य व्यवस्था के अनुसार, धान की अरवा मिलिंग पर 67 प्रतिशत और उसना मिलिंग पर 68 प्रतिशत चावल जमा करना होगा।

धान की ढुलाई से लेकर मिल तक निगरानी

सरकारी धान के पुनर्चक्रण को रोकने के लिए परिवहन व्यवस्था पर भी निगरानी के निर्देश दिए गए हैं। धान और चावल के परिवहन में इस्तेमाल होने वाले वाहनों को सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्रालय के वाहन पोर्टल से जोड़ने तथा वाहनों में लोकेशन ट्रैकिंग डिवाइस लगाने के निर्देश हैं। मिलरों को खरीदी केंद्रों से उठाया गया धान अपने मिल परिसर तक पहुंचाना होगा। परिवहन के दौरान धान की आवाजाही की नियमित निगरानी की जाएगी। नीति में खरीदी केंद्रों से अधिकाधिक धान सीधे राइस मिलों तक पहुंचाने पर भी जोर दिया गया है, ताकि भंडारण, परिवहन और सूखत से जुड़े खर्च कम किए जा सकें।

खैर लकड़ी की तस्करी, हिमाचल से एक और अरेस्ट,1.70 करोड़ बरामद

हरिभूमि न्यूज ⏭ महासमुंद



खैर लकड़ी के अवैध परिवहन, तस्करी और फर्जी एनओसी/बिलिंग मामले में महासमुंद पुलिस ने हिमाचल प्रदेश, हरियाणा के ठिकानों में दबिश देकर 15 टन खैर लकड़ी जब्त किया है। मामले में एक आरोपी को गिफ्तार किया गया है। वहीं इस मामले में पूर्व में तीन आरोपी गिरफ्तार किए जा चुके हैं। पुलिस ने बताया कि प्रकरण में बीएनएस, आर्म्स एक्ट और भारतीय वन अधिनियम के तहत अपराध पंजीबद्ध कर कार्रवाई एवं विवेचना जारी है। इस मामले में अब तक एक करोड़ 70 लाख रुपए नगद और करीब 70 टन खैर लकड़ी जब्त किया जा चुका है।

पुलिस ने बताया कि जिला पुलिस महासमुंद द्वारा वन परिक्षेत्र अधिकारी पिथौरा के आवेदन पर करीब 23 टन खैर लकड़ी के अवैध परिवहन करने के लिए कूटरचना कर फर्जी दस्तावेज तैयार करने का मामला दर्ज किया गया था। इसी मामले में 7 सितंबर को आरोपी मनीष अग्रवाल के ग्राम मुड़पार, थाना सरसींवा स्थित मकान में दबिश देकर 81 लाख रुपए नकद जब्त किए गए थे। प्रकरण की अग्रिम विवेचना एवं आरोपियों की पतासाजी के दौरान जिला महासमुंद पुलिस की ⏭शेष पेज 6 पर

ट्रेड डील : प्रधानमंत्री मोदी जाएंगे 11 दिसंबर को कनाडा

नई दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 11 से 12 दिसंबर को कनाडा के दौरे पर रहेंगे। इस दौरान दोनों देशों के बीच ट्रेड डील पर बातचीत होगी। भारत-कनाडा व्यापार समझौते पर हस्ताक्षर होने की संभावना भी है। इसके तहत दो देश व्यापार, निवेश और कारोबार बढ़ाने के लिए नियम तय करते हैं। भारत और कनाडा 2030 तक आपसी कारोबार को बढ़ाकर सालाना 7 लाख करोड़ रुपए करना चाहते हैं। अभी दोनों देशों के बीच करीब 3 लाख करोड़ रूपए का व्यापार होता है।

पाठक सूचना

हरिभूमि

सुनहरा मौका

सुनिश्चित उपहार 2026

का सामान्य कूपन

कल के अंक में देखें।





शाला परिसर के पेड़ के झूले में फंसने से चौथी कक्षा के छात्र की मौत

प्राथमिक शाला मुड़ीडीह गांव में हादसा



हरिभूमि न्यूज ⏭ महासमुंद

जिले के बसना थाना क्षेत्र के मुड़ीडीह गांव में शासकीय प्राथमिक शाला परिसर में खेल-खेल में हुए हादसे में चौथी कक्षा के छात्र की मौत हो गई। घटना के बाद पूरे गांव में मातम का माहौल है। मृतक छात्र तरुण चौहान प्राथमिक शाला मुड़ीडीह में कक्षा चौथी का छात्र था। बताया जा रहा है कि हर दिन की तरह बच्चे स्कूल खुलने से पहले स्कूल परिसर में पहुंचकर खेल रहे थे। स्कूल प्रांगण में लगे पेड़ पर बच्चों ने ही साड़ियों को बांधकर एक झूला बना रखा था। तरुण अपने 8-9 अन्य साथियों के साथ उसी झूले ⏭शेष पेज 6 पर

घटना के बाद स्कूल परिसर में हड़कंप

घटना के बाद स्कूल परिसर में हड़कंप मच गया। सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची और पंचनामा कार्रवाई कर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। मामले में जांच जारी है। भंवरपुर चौकी प्रभारी अंजना चंद्रा ने बताया कि स्कूल करीब 10:00 बजे खुलता है, लेकिन 9:30 बजे ही रोज की भांति बच्चे स्कूल में आकर खेलने लगते हैं। आज भी स्कूल की सहायिका 9:30 बजे स्कूल खोलकर चली गई थी, तब तक कोई भी टीचर स्कूल नहीं पहुंचा था। इसी दरमियान स्कूल प्रांगण में हुए हादसे में उसकी मौत हो गई। मामले पर जांच जारी है और बच्चे के पोस्टमार्टम रिपोर्ट का इंतजार है।



चिंतन

एसएसआर से निपट सकते हैं सभी विवाद

लोकतंत्र की मजबूती का आधार निष्पक्ष चुनाव के साथ ऐसी मतदाता सूची तैयार करना भी है, जिसमें हर पात्र नागरिक का नाम दर्ज हो और किसी अपात्र व्यक्ति को जगह न मिले। एसआईआर चुनाव प्रक्रिया का अहम हिस्सा है। ऐसे में चुनाव आयोग का मध्य प्रदेश, उत्तर प्रदेश, पंजाब समेत 17 राज्यों और केंद्रशासित प्रदेशों में स्पेशल समरी रिवीजन (एसएसआर) कराने का निर्देश अहम माना जा रहा है। एसआईआर पर विवादों के बीच मतदाता सूची को दुरुस्त करने, सभी विवादों को निपटाने और पात्र नागरिकों को उसमें शामिल करने का अवसर देगी। एसएसआर के तहत नए मतदाताओं के नाम जोड़ने, दर्ज विवरण में गलतियां सुधारने और सूची को अद्यतन करने की व्यवस्था है। वर्ष 2027 में 18 वर्ष की आयु पूरी करने वाले युवाओं को भी अग्रिम आवेदन का अवसर मिलेगा। नाम हटाने की प्रक्रिया पर निगरानी, रिकॉर्ड सुरक्षित रखने और दावों-आपत्तियों की सूची राजनीतिक दलों को उपलब्ध कराने जैसे निर्देश जवाबदेही बढ़ा सकते हैं। किसी मतदान केंद्र पर दो प्रतिशत से अधिक नाम हटाए जाने की स्थिति में निर्वाचक पंजीकरण अधिकारी की जांच का प्रावधान भी महत्वपूर्ण है। इससे नाम हटाने की कार्रवाई में मनमानी की आशंका कम करने में मदद मिल सकती है। कुल मिलाकर यह सभी विवादों को निपटाने में अहम भूमिका निभा सकती है। एसआईआर को लेकर विवाद की प्रमुख वजह यह आशंका रही है कि मतदाता सूची को दुरुस्त करने की प्रक्रिया में कहीं पात्र नागरिक मतदान के अधिकार से वंचित न रह जाएं। बिहार से शुरू हुए विवाद में विपक्ष ने दस्तावेजों की शर्तों, समय-सीमा और बड़ी संख्या में नाम हटाए जाने पर सवाल उठाए। दूसरी ओर, चुनाव आयोग की जिम्मेदारी है कि मतदाता सूची विश्वसनीय हो और उसमें किसी तरह की गड़बड़ी न रहे। एसएसआर से विवादों का समाधान निकल सकता है, लेकिन केवल आदेश जारी करने से ऐसा नहीं होगा। जिन लोगों के नाम एसआईआर के दौरान सूची में शामिल नहीं हो पाए, उनके लिए आवेदन की प्रक्रिया सरल और सुलभ बनाना जरूरी है। उपलब्ध जानकारी के अनुसार, ऐसे लोग फॉर्म-6 भरकर नाम जुड़वाने का आवेदन कर सकते हैं। इसके लिए लोगों को जरूरी दस्तावेजों और पात्रता संबंधी नियमों की स्पष्ट जानकारी मिलनी चाहिए। ग्रामीण क्षेत्रों, शहरी बस्तियों, प्रवासी श्रमिकों और पहली बार मतदान करने वाले युवाओं तक सूचना पहुंचाने के लिए विशेष अभियान चलाना भी आवश्यक है। जिनके नाम हटाए गए हैं, उन्हें कारण जानने और अपनी पात्रता साबित करने का पर्याप्त अवसर मिलना चाहिए। मतदान केंद्रों की समीक्षा, एक केंद्र पर सामान्यतः 1,200 से अधिक मतदाता न रखने और मतदाताओं को दो किलोमीटर से ज्यादा दूरी तय करने से बचाने के निर्देश भी स्वागतयोग्य हैं। चुनाव आयोग को यह सुनिश्चित करना होगा कि मतदाता सूची में नाम जोड़ने या हटाने की प्रक्रिया राजनीतिक आरोप-प्रत्यारोप से ऊपर रहे। राजनीतिक दलों को नियमित जानकारी देना, दावों और आपत्तियों का निष्पक्ष निपटारा करना तथा निर्णयों का रिकॉर्ड सुरक्षित रखना पारदर्शिता बढ़ाएगा। देश में मतदाता सूची की शुद्धता जितनी जरूरी है, उतना ही जरूरी प्रत्येक पात्र नागरिक के मताधिकार की रक्षा करना भी है। एसएसआर को एसआईआर से उपजे विवादों के समाधान का माध्यम बनाने के लिए आयोग को नियमों के निष्पक्ष पालन के साथ संवेदनशीलता दिखानी होगी, ताकि सभी पात्रों को उनका हक मिल सके और कोई विवाद न रहे।



मुद्दा
गीता शुक्ला

चुनाव जीतने के लिए जनता का विश्वास जीतना पड़ता है। इसके लिए राजनीतिक दलों को लोगों के बीच जाना होता है, उनकी समस्याएं समझनी होती हैं और अपनी नीतियों पर भरोसा पैदा करना होता है। जब कोई पार्टी लगातार चुनावी चुनौतियों का सामना करती है, तो उसके सामने आत्ममंथन का सवाल भी खड़ा होता है। कांग्रेस आज इसी स्थिति से गुजर रही है। राहुल गांधी लगातार आरोप लगा रहे हैं कि भारतीय जनता पार्टी को जनता नहीं, बल्कि चुनाव आयोग चुनाव जितवा रहा है। कांग्रेस समेत कई विपक्षी दल एसआईआर को लेकर चुनाव आयोग पर सवाल उठा रहे हैं। लेकिन बड़ा सवाल यह है कि क्या कांग्रेस की दशकों पुरानी चुनावी गिरावट के लिए केवल चुनाव आयोग को जिम्मेदार ठहराया जा सकता है?

कांग्रेस अपनी हार पर आत्ममंथन करे

ये किसी को बताने की जरूरत नहीं है कि चुनाव जीतने के लिए जनता का विश्वास जीतना पड़ता है। इसके लिए राजनीतिक दलों को लोगों के बीच जाना होता है, उनकी समस्याएं समझनी होती हैं और अपनी नीतियों पर भरोसा पैदा करना होता है। लेकिन जब कोई पार्टी लगातार चुनावी चुनौतियों का सामना करती है, तो उसके सामने आत्ममंथन का सवाल भी खड़ा होता है। कांग्रेस आज इसी स्थिति से गुजर रही है। राहुल गांधी लगातार आरोप लगा रहे हैं कि भारतीय जनता पार्टी को जनता नहीं, बल्कि चुनाव आयोग चुनाव जितवा रहा है। कांग्रेस समेत कई विपक्षी दल मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण यानी एसआईआर को लेकर चुनाव आयोग पर सवाल उठा रहे हैं। लेकिन बड़ा सवाल यह है कि क्या कांग्रेस की दशकों पुरानी चुनावी गिरावट के लिए केवल चुनाव आयोग को जिम्मेदार ठहराया जा सकता है?

राहुल गांधी के आरोपों में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, गृह मंत्री अमित शाह और राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ तक निशाने पर हैं। कांग्रेस का आरोप है कि चुनाव आयोग सत्तारूढ़ दल के पक्ष में काम कर रहा है। चुनाव आयोग की निष्पक्षता पर सवाल उठाना विपक्ष का अधिकार है, लेकिन गंभीर आरोपों के समर्थन में ठोस प्रमाण भी होने चाहिए। राजनीतिक बयानबाजी से किसी आरोप की सत्यता साबित नहीं होती। भाजपा की ओर से कांग्रेस को जवाब देते हुए गृह मंत्री अमित शाह ने उसके चुनावी इतिहास का हवाला दिया। उनका सवाल था कि यदि चुनाव आयोग और एसआईआर ही कांग्रेस की पराजय के कारण हैं, तो उन राज्यों में पार्टी की कमजोरी का क्या कारण है, जहां वह लंबे समय से सत्ता से बाहर है? अमित शाह के बयान पर कांग्रेस नेताओं ने अलग-अलग सवाल उठाए। जयराम रमेश ने पूछा कि कितने घुसपैठियों की पहचान हुई और कितनों के नाम मतदाता सूची से हटाए गए या उन्हें देश से बाहर निकाला गया। पवन खेड़ा ने जंतर-मंतर पर भारी पुलिस बल की तैनाती पर सवाल खड़ा किया। के.सी. वेणुगोपाल ने शाह के बयान को अगले चुनाव के परिणाम की अग्रिम घोषणा बताते हुए भाजपा पर चुनाव प्रभावित करने का आरोप लगाया। इन प्रतिक्रियाओं के बीच कांग्रेस की चुनावी गिरावट पर बहस पीछे छूट गई। एसआईआर और घुसपैठियों से जुड़े सवाल महत्वपूर्ण हो सकते हैं, लेकिन कांग्रेस को अपनी राजनीतिक कमजोरियों पर भी विचार करना चाहिए। अमित शाह का मुख्य तर्क यही था कि पार्टी अपनी हार के कारणों की समीक्षा करे। कांग्रेस को लोकसभा में अपने दम पर पूर्ण बहुमत मिले चार दशक से अधिक समय बीत चुका है। वर्ष 1984 के आम चुनाव में इंदिरा गांधी की हत्या के बाद पैदा हुई असाधारण परिस्थितियों में पार्टी ने 543 निर्वाचित सीटों में से 404 सीटें जीती थीं। उसके बाद कांग्रेस कभी अपने दम पर लोकसभा में बहुमत हासिल नहीं कर सकी। राजीव गांधी के नेतृत्व में पार्टी 1989 और 1991 के चुनावों में भी बहुमत से दूर रही।

सोनिया गांधी के नेतृत्व में कांग्रेस ने 2004 और 2009 में वापसी की। 2004 में उसने 145 और 2009 में 206 सीटें जीतीं। सहयोगियों के साथ केंद्र में सरकार भी



बनाई। लेकिन इसके बाद पार्टी का प्रदर्शन तेजी से गिरा। वर्ष 2014 के लोकसभा चुनाव में कांग्रेस केवल 44 सीटों पर सिमट गई। 2019 में उसे 52 सीटें मिलीं, जबकि 2024 में उसकी सीटें बढ़कर 99 हो गईं। यह सुधार जरूर था, लेकिन पार्टी बहुमत से बहुत दूर रही। इन आंकड़ों से स्पष्ट है कि कांग्रेस की चुनावी चुनौतियां एसआईआर से बहुत पुरानी हैं। मतदाता सूची के पुनरीक्षण को उसकी दशकों की राजनीतिक गिरावट का एकमात्र कारण नहीं माना जा सकता। कभी देश के बड़े हिस्से में सरकार बनाने वाली कांग्रेस आज कई राज्यों में कमजोर स्थिति में है। तमिलनाडु में कांग्रेस का अपना मुख्यमंत्री बने छह दशक हो चुके हैं। पश्चिम बंगाल में भी वह लंबे समय से सत्ता से बाहर है। उत्तर प्रदेश में पार्टी अपने दम पर सरकार बनाने की स्थिति में नहीं पहुंच सकी है। गुजरात और ओडिशा जैसे राज्यों में भी उसे लंबे समय से सत्ता से बाहर रहना पड़ा है। इन राज्यों की परिस्थितियां अलग-अलग हैं।

कहीं क्षेत्रीय दलों का प्रभाव बढ़ा है, तो कहीं भाजपा ने अपनी राजनीतिक जमीन मजबूत की है। कांग्रेस के सामने चुनौती यह है कि वह इन बदली हुई परिस्थितियों के अनुरूप अपना संगठन और नेतृत्व तैयार करे। केवल पुराने राजनीतिक गौरव के सहारे जनता का भरोसा वापस नहीं पाया जा सकता। राजनीति केवल प्रदर्शन से नहीं चलती। राजनीतिक विश्लेषक बिक्रम उपाध्याय मानते हैं कि अमित शाह ने कांग्रेस को यह सही नसीहत दी कि दिल्ली में कुछ हजार लोगों की भीड़ जुटाने से चुनाव नहीं जीते जा सकते। राजनीतिक दलों को गांवों, कस्बों और दूर-दराज के इलाकों तक पहुंचना पड़ता है। जनता की समस्याओं को समझना और उनके समाधान के लिए काम करना जरूरी है। यह बात कांग्रेस ही नहीं, हर राजनीतिक दल पर लागू होती है। विरोध प्रदर्शन लोकतंत्र का महत्वपूर्ण हिस्सा हैं। चुनाव आयोग की निष्पक्षता और मतदाता सूची की शुद्धता पर सवाल उठाना भी विपक्ष का अधिकार है। लेकिन विरोध के साथ संगठन मजबूत करना और जनता के बीच लगातार काम करना भी जरूरी है। कांग्रेस की चुनौती यह है कि वह अपनी चुनावी पराजयों की जिम्मेदारी तय करे। क्या पार्टी का संगठन कमजोर हुआ है? क्या उसका नेतृत्व लोगों की अपेक्षाओं पर खरा उतर रहा है? क्या उसकी नीतियां नए मतदाताओं को आकर्षित कर पा रही हैं? इन सवालों पर गंभीर चर्चा के बिना राजनीतिक वापसी कठिन होगी। भाजपा हाल के स्थानीय निकाय और ग्राम समिति चुनावों में अपने प्रदर्शन को जनता के समर्थन के रूप में पेश कर रही है। कांग्रेस को भी इन नतीजों और अपने प्रदर्शन का तथ्यों के आधार पर विश्लेषण करना चाहिए। हर चुनाव के परिणाम को उसके स्थानीय और राजनीतिक संदर्भ में समझना जरूरी है। राहुल गांधी और कांग्रेस नेतृत्व के सामने दो चुनौतियां हैं। पहली, चुनाव आयोग के खिलाफ लगाए गए आरोपों को प्रमाणों के साथ सामने रखना। दूसरी, अपनी चुनावी कमजोरियों को स्वीकार कर संगठन में सुधार करना। ये दोनों काम एक साथ किए जा सकते हैं। लोकतंत्र में किसी भी दल को जीत का स्थायी अधिकार नहीं मिलता। जनता का विश्वास कामकाज, नेतृत्व और नीतियों से अर्जित करना पड़ता है। कांग्रेस यदि अपनी राजनीतिक जमीन वापस पाना चाहती है, तो उसे आरोपों से आगे बढ़कर आत्ममंथन करना होगा। चुनाव आयोग पर सवाल उठाना एक राजनीतिक विकल्प हो सकता है, लेकिन अपनी कमजोरियों को दूर करना उसकी जरूरत है।

(लेखिका स्वतंत्र स्तंभकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)
लेख पर अपनी प्रतिक्रिया haribhoomi@gmail.com पर दे सकते हैं।

राष्ट्र सेविका समिति के 90 वर्ष
रितु शर्मा

समाज जीवन की ज्ञाता वंदनीय लक्ष्मीबाई केलकर

कुछ व्यक्तित्व ऐसे होते हैं, जिनका जीवन केवल उनकी अपनी कहानी नहीं रहता, बल्कि आने वाली पीढ़ियों के लिए प्रेरणा का प्रकाशपुंज बन जाता है। वे अपने समय की परिस्थितियों से समझौता नहीं करते, बल्कि अपने विचार, साहस और साधना से परिस्थितियों को नई दिशा देते हैं। वंदनीय लक्ष्मीबाई केलकर जी, जिन्हें समूचा सेविका परिवार श्रद्धापूर्वक 'मौसी जी' के नाम से स्मरण करता है, ऐसा ही एक तपस्विनी व्यक्तित्व थीं। राष्ट्र सेविका समिति के रूप में उन्होंने जिस विचार का बीजारोपण किया, वह आज नौ दशकों की साधना के बाद एक विशाल वटवृक्ष के रूप में हमारे सामने है। वर्ष 1936 केवल एक संगठन की स्थापना का वर्ष नहीं था; वह भारतीय नारी की अंतर्निहित शक्ति को संगठित रूप में राष्ट्रजीवन से जोड़ने के एक दूरदर्शी संकल्प का प्रारंभ था। उस समय का समाज अनेक परिवर्तनकारी परिस्थितियों से गुजर रहा था।



मौसी जी के व्यक्तित्व की जड़ें उनके बाल्यकाल के संस्कारों में थीं। उनके जीवन-वृत्त में वर्णित एक प्रसंग के अनुसार, उनकी माता यशोदाबाई लोकमान्य तिलक जी के समाचारपत्र 'केसरी' का वाचन आसपास की महिलाओं को एकत्र करके करती थीं। उस समय विदेशी शासन के विरुद्ध राष्ट्रीय चेतना का प्रसार करना अपने आप में साहस और दृढ़ता का कार्य था। बालिका कमल ने अपने घर में ही राष्ट्रप्रेम, विचारशीलता और सामाजिक जागरण का वातावरण देखा।

व्यक्तिगत संघर्ष से व्यापक सामाजिक संकल्प तक: वर्ष 1932 में पति के निधन के बाद मौसी जी के सामने आठ बच्चों के पालन-पोषण और परिवार की जिम्मेदारियों का बड़ा दायित्व आया। यह उनके जीवन की कठिन परीक्षा थी। किंतु उन्होंने परिस्थितियों के सामने हार मानने के बजाय धैर्य, आत्मसम्मान और कर्तव्यनिष्ठा के साथ जीवन को आगे बढ़ाया।

यहीं उनके व्यक्तित्व का वह पक्ष दिखाई देता है, जो आने वाली पीढ़ियों को विशेष प्रेरणा देता है। जिस महिला ने अपने परिवार के कठिन दायित्वों का सामना साहसपूर्वक किया, उसी ने आगे चलकर असंख्य महिलाओं को संगठित करने और उनमें आत्मविश्वास जगाने का बीड़ा उठाया।

डॉ. हेडगेवार से भेंट : एक विचार को मिली दिशा..... अपने पुत्रों के माध्यम से मौसी जी राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की शाखा-पद्धति से परिचित हुईं। उन्होंने वहाँ व्यक्ति निर्माण, अनुशासन, परस्पर आत्मीयता और राष्ट्रभक्ति के संस्कारों को विकसित होते देखा। उन्हें लगा ये वैसा ही कार्य है जिसे वह महिलाओं के बीच करने की कल्पना कर रही थीं। समिति के आधिकारिक इतिहास के अनुसार, वर्ष 1938 में पुणे में कार्यरत सरस्वती ताई आप्टे ने मौसी जी से भेंट के बाद अपना कार्य समिति के कार्य में समाहित कर दिया। यह घटना बताती है कि जब उद्देश्य व्यापक हो और ध्येय के प्रति निष्ठा हो, तब व्यक्तिगत प्रयास भी एक बड़ी सामूहिक शक्ति का रूप ले सकते हैं।

नारी शक्ति - संस्कार, सामर्थ्य और राष्ट्रधर्म.....

मौसी जी की दृष्टि में नारी की शक्ति का सर्वोच्च स्वरूप केवल व्यक्तिगत उपलब्धियों में नहीं, बल्कि परिवार, समाज और राष्ट्र के जीवन को समृद्ध बनाने में दिखाई देता है। जीजाबाई ने शिवाजी महाराज के व्यक्तित्व में स्वाभिमान और राष्ट्रनिष्ठा के संस्कार विकसित किए। रानी लक्ष्मीबाई ने साहस और महारानी अहिल्याबाई होल्कर ने कर्तव्यपालन का आदर्श प्रस्तुत किया। भारतीय परंपरा ऐसे अनेक उदाहरणों से समृद्ध है, जिनमें नारी ने संस्कार देने के साथ स्वयं नेतृत्व और संघर्ष का दायित्व भी निभाया।

90 वर्ष : अतीत का गौरव, भविष्य का संकल्प.....

आज 2026 में समिति अपनी स्थापना के 90 वर्ष पूर्ण कर रही है। यह अवसर उन असंख्य सेविकाओं की साधना को नमन करने का है, जिन्होंने अपने समय, श्रम और सामर्थ्य से इस विचार को आगे बढ़ाया।

आज की चुनौतियाँ बदल गई हैं। तकनीक ने अवसरों का विस्तार किया है, लेकिन नई पीढ़ी में सांस्कृतिक चेतना, सामाजिक संवेदनशीलता, अनुशासन और विवेक का विकास भी उतना ही आवश्यक है। परिवारों में संवाद, समाज में समरसता, बालिकाओं की शिक्षा, कौशल विकास, डिजिटल माध्यमों के प्रति जागरूकता और सेवा की भावना को सुदृढ़ करना आज के समय की महत्त्वपूर्ण आवश्यकताएँ हैं।

नौ दशकों की यात्रा हमें यह स्मरण कराती है कि किसी विचार की वास्तविक सफलता तब होती है, जब वह कार्यकर्ताओं के जीवन में उतरकर समाज के लिए उपयोगी बनता है। श्रद्धांजलि नहीं, जीवन में उतारने का संकल्प: मौसी जी को सच्ची श्रद्धांजलि केवल उनके जीवन का स्मरण करना नहीं, बल्कि उनके द्वारा प्रज्वलित ध्येय-ज्योति को अपने जीवन में जीवंत रखना है। उन्होंने अपने व्यक्तिगत संघर्ष को व्यापक सामाजिक दायित्व में बदला और एक विचार को संगठन का स्वरूप दिया। आज हमारी जिम्मेदारी है कि हम उस विचार को सेवा, संस्कार, अनुशासन और समर्पण के माध्यम से आगे बढ़ाएँ।

नब्बे वर्षों की यह साधना हमें तीन सूत्र देती है— संस्कारों से चरित्र निर्माण, संगठन से सामर्थ्य निर्माण और सेवा से राष्ट्र निर्माण।

वंदनीय मौसी जी के चरणों में श्रद्धापूर्वक नमन करते हुए हमारा संकल्प हो कि सेवा हमारे जीवन की साधना बने, संस्कार हमारी पहचान बनें, संगठन हमारी शक्ति बने और राष्ट्रकार्य हमारे जीवन का ध्येय बने।

यही मौसी जी के जीवन का संदेश है। यही राष्ट्र सेविका समिति के नौ दशकों की साधना का सार है। और यही आने वाली पीढ़ियों के लिए हमारा उत्तरदायित्व!

आत्मसंयम योग में स्थित रहें



संकलित
दर्शन

विपरीत परिस्थिति में ही योग की प्रामाणिकता सिद्ध होती है। संयम की प्रामाणिकता भी योग से ही सिद्ध होती है। हमारी ज्ञानेंद्रियां तथा कर्मेंद्रियां अपनी अर्जित शक्ति को बाहर की ओर खर्च कर रही हैं। योग द्वारा उसका एकत्रीकरण किया जाता है। योग चाहे ध्यान के रूप में हो या व्यायाम-प्राणायाम के रूप में, उसकी शक्ति को एकत्र करके हम शक्ति का उपयोग कहां करते हैं, वास्तविक योग वह है। रावण भी बहुत बड़ा योगी था, पर उसने अपने योग से प्राप्त शक्ति से भगवान की योगमाया सीता जी का हरण करके योग का दुरुपयोग किया। जब तक आत्मसंयम योग जीवन में न आ जाए, तब तक क्रियात्मक योग केवल शरीर संवर्धन के ही कार्य आएगा। हम जीवन के किसी भी क्षेत्र में अतिरेकवादी दृष्टिकोण के दुराग्रही न होकर संतुलित होकर मध्य स्थिति में रहकर आत्मसंयम योग में स्थित रहें। मध्य में ही भगवान का वास होता है। हमारे शरीर में जो मध्य प्रदेश है, वही हृदय प्रदेश है। हाथ-पांव के रूप में नीचे कर्म प्रदेश है तथा विचार के रूप में सिर में विवेक प्रदेश है। जिसे विवेक स्वीकार कर ले और कर्मयोग से जिस शक्ति को अर्जित किया हो, उसे हृदय प्रदेश के मध्य सिंहासन पर बैठाया जाता है। सब कुछ ईश्वर को समर्पित कर देना ही महायोग है। शरीर का योग यदि भगवान से जुड़कर ध्यान योग बन जाए और योग से प्राप्त शक्तियों का उपयोग हम हनुमान जी, श्रीभरत जी और श्री लक्ष्मण जी की तरह सेवा के लिए करें तो योग प्राणीमात्र की सेवा का उपादान बनकर सहजयोग बन जाएगा।

लक्ष्मी जी कहाँ निवास करती हैं



संकलित
प्रेरणा

एक बार की बात है, राजा बलि समय बिताने के लिए एकान्त स्थान पर गधे के रूप में छिपे हुए थे। देवराज इन्द्र उनसे मिलने के लिए उन्हें ढूँढ रहे थे। एक दिन इन्द्र ने उन्हें खोज निकाला और उनके छिपने का कारण जानकर उन्हें काल का महत्व बताया। साथ ही उन्हें तत्वज्ञान का बोध कराया। तभी राजा बलि के शरीर से एक दिव्य रूपात्मा स्त्री निकली। उसे देखकर इन्द्र ने पूछाः दैत्यराज! यह स्त्री कौन है? देवी, मानुषी अथवा आसुरी शक्ति में से कौन-सी शक्ति है? राजा बलि बोलेः देवराज! ये देवी तीनों शक्तियों में से कोई नहीं हैं। आप स्वयं पूछ लें। इन्द्र के पूछने पर वे शक्ति बोलीं: देवेन्द्र! मुझे न तो दैत्यराज बलि जानते हैं और न ही तुम या कोई अन्य देवगण। पृथ्वी लोक पर लोग मुझे अनेक नामों से पुकारते हैं। जैसे- श्री, लक्ष्मी आदि। इन्द्र बोलेः देवी! आप इतने समय से राजा बलि के पास हैं लेकिन ऐसा क्या कारण है कि आप इन्हें छोड़कर मेरी ओर आ रही हैं? लक्ष्मी जी बोलीं: देवेन्द्र! मुझे मेरे स्थान से कोई भी हटा या डिगा नहीं सकता है। मैं सभी के पास काल के अनुसार आती-जाती रहती हूँ। जैसा काल का प्रभाव होता है मैं उतने ही समय तक उसके पास रहती हूँ। अर्थात मैं समयानुसार एक को छोड़कर दूसरे के पास निवास करती हूँ। इन्द्र बोलेः देवी! आप असुरों के यहाँ निवास क्यों नहीं करतीं? लक्ष्मी जी बोलीं: देवेन्द्र! मेरा निवास वहीं होता है जहाँ सत्य हो, धर्म के अनुसार कार्य होते हों, व्रत और दान देने के कार्य होते हों। लेकिन असुर भ्रष्ट हो रहे हैं। ये पहले इन्द्रियों को वश में कर सकते थे, सत्यवादी थे, ब्राह्मणों की रक्षा करते थे, पर अब इनके ये गुण नष्ट होते जा रहे हैं।

अंतर्मन



आज की पाती

कहां खो गए मिट्टी के दीये

कभी दिवाली मिट्टी के दीयों की सौंधी महक, घर में बनते पकवानों की मिठास, आंगन के मांडणों, रिश्तों के अपनत्व और लोक परंपराओं की जीवंतता का पर्व हुआ करती थी। आज बिजली की रंग-बिरंगी लड़ियां हैं, महंगे उपहार हैं, मिठाइयों के आकर्षक डिब्बे हैं, पटाखों का शोर है और इंटरनेट पर शुभकामनाओं की भरमार है। सब कुछ है, लेकिन क्या वह पहले जैसा उल्लास, वह आत्मीयता और वह सुकून भी है? आधुनिकता की चकाचौंध में कहीं हम दिवाली की आत्मा तो नहीं खोते जा रहे हैं? दिवाली केवल अमावस्या की रात को रौशन करने का पर्व नहीं है। यह अंधकार पर प्रकाश, निराशा पर आशा और दूरी पर अपनत्व की विजय का प्रतीक है। यह वह अवसर है जब घरों के साथ रिश्तों की भी सफाई होती थी, मन के मैल दूर किए जाते थे और रूठों को मनाया जाता था। - **शरद जोशी**, बिलासपुर

ट्रेंड

सबका साथ-सबका विकास

'सबका साथ-सबका विकास' की भावना के अनुरूप, भारतीय जनता पार्टी ने शिक्षा, विकास, कल्याण, रोजगार, महिला सुरक्षा और दंगाइयों से निपटने के मामलों में समान लगन के साथ काम किया है।
- **योगी आदित्यनाथ**, सीएम, उत्तरप्रदेश



गुमराह कर रहे कांग्रेसी

कांग्रेस और उसके सहयोगी दल सत्ता की अपनी लालसा के चलते देश में अराजकता और अस्थिरता का माहौल बनाने की कोशिश कर रहे हैं। झूठे आरोपों, भ्रामक बयानों और बेबुनियाद मुद्दों के जरिए जनता को गुमराह करना ही उनकी राजनीति का आधार बन गया है।
- **डॉ. मोहन यादव**, सीएम, मध्यप्रदेश



नरेंद्र मोदी का भाषण

देश के हर नागरिक को 6 जून 2011 को दिया गया नरेंद्र मोदी का भाषण सुनना चाहिए, जिसमें उन्होंने कहा था कि अगर उनके हाथ बंधे न होते, तो वे केंद्र सरकार के खिलाफ लड़ाई छेड़ देते। यह अराजकता की पराकाष्ठा थी।
- **अशोक गहलोत**, पूर्व सीएम, राजस्थान



राष्ट्रव्यापी अभियान

आज मुझे 'भारत यात्रा' के समापन की याद आ रही है, जो बच्चों के यौन शोषण और तस्करी के खिलाफ एक राष्ट्रव्यापी अभियान था। 2017 में हुई इस यात्रा के दौरान 22 राज्यों में 11,000 किलोमीटर की दूरी तय की गई।
- **कैलाश सत्यार्थी**, नोबेल पुरस्कार विजेता



करंट अफेयर

अंग प्रत्यारोपण की दवाओं के लिए भारत, जर्मन आए साथ



भारत की कंपनी 'विन्स बायोप्रोडक्ट्स लिमिटेड' और जर्मनी की कंपनी 'नियोवी बायोटेक जीएमबीएच' अंग प्रतिरोपण में इस्तेमाल होने वाली दवा सहित 'इम्युनोग्लोबुलिन' उत्पादों के निर्माण एवं व्यावसायिक बिक्री के लिए मिलकर काम करेंगी और इसके तहत संबंधित प्रौद्योगिकी भी भारत को हस्तांतरित की जाएगी। बर्लिन स्थित भारतीय दूतावास ने यह जानकारी दी। 'इम्युनोग्लोबुलिन' एक प्रकार का प्रोटीन है, जिसे प्रतिरक्षी (एंटीबॉडी) भी कहा जाता है। यह शरीर की रोग प्रतिरोधक प्रणाली का हिस्सा है और संक्रमण से लड़ने में मदद करता है। दूतावास ने बताया कि उसने 13 अक्टूबर को आयोजित भारत-जर्मनी स्वास्थ्य नेतृत्व संवाद के दौरान 'नियोवी बायोटेक जीएमबीएच' और 'विन्स बायोप्रोडक्ट्स लिमिटेड' के बीच समझौते में मदद की। इस सहयोग के तहत 'इम्युनोग्लोबुलिन' उत्पादों का निर्माण किया जाएगा। इनमें 'एंटी-थाइमोसाइट ग्लोबुलिन' भी शामिल है, जिसका इस्तेमाल मनुष्यों में अंग प्रतिरोपण और रक्त संबंधी कुछ विकारों के इलाज में किया जाता है। भारतीय दूतावास ने बृहस्पतिवार को सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा, 'बर्लिन स्थित भारतीय दूतावास ने 13 अक्टूबर, 2026 को आयोजित भारत-जर्मनी स्वास्थ्य नेतृत्व संवाद के दौरान जर्मनी की नियोवी बायोटेक जीएमबीएच और भारत की विन्स बायोप्रोडक्ट्स लिमिटेड के बीच गोपनीयता समझौते के आदान-प्रदान में मदद की।'

ऑफ बीट

स्काईरूट की मदद से अमेरिकी कंपनी रात में 'धूप' बेचेगी



जरा सोचिए, क्या रात के घने अंधेरे में भी धरती के किसी खास हिस्से को सूरज की रोशनी से जगमगाया जा सकता है? एक अमेरिकी अंतरिक्ष प्रौद्योगिकी कंपनी इस कल्पना को हकीकत में बदलने की तैयारी कर रही है और वह भी भारतीय कंपनी की मदद से। कैलिफोर्निया स्थित स्टार्ट-अप 'रिफ्लेक्ट ऑर्बिटल' ने अंतरिक्ष में विशाल दर्पण स्थापित कर पृथ्वी पर मांग के अनुरूप 'धूप' बेचने की अनोखी योजना बनाई है। इस महत्वाकांक्षी मिशन के लिए कंपनी ने भारत की निजी अंतरिक्ष प्रौद्योगिकी कंपनी 'स्काईरूट एयरोस्पेस' की प्रक्षेपण सेवाएं लेने को लेकर समझौते पर हस्ताक्षर किए हैं। 'रिफ्लेक्ट ऑर्बिटल' कंपनी उपग्रहों का एक ऐसा समूह तैयार कर रही है, जो रात के समय आपदा प्रभावित क्षेत्रों में खोज और बचाव कार्यों के लिए तत्काल रोशनी मुहैया करा सकेगा। इससे सौर ऊर्जा संयंत्रों में बिजली उत्पादन की अवधि भी बढ़ाई जा सकेगी। कंपनी ने अपने दो उपग्रहों को अंतरिक्ष में भेजने के लिए हैदराबाद स्थित 'स्काईरूट एयरोस्पेस' के साथ अनुबंध किया है। इन उपग्रहों को स्काईरूट के 'विक्रम' रॉकेट के जरिए प्रक्षेपित किया जाएगा। 'रिफ्लेक्ट ऑर्बिटल' ने एक बयान में कहा, ''अमेरिका में तय हमारे अन्य प्रक्षेपण अभियानों के साथ-साथ इन दो प्रक्षेपण से हमें एक निश्चित समयसीमा और अतिरिक्त क्षमता मिलेगी।''

अपने विचार

हरिभूमि कार्यालय
टिकरापारा, रायपुर में पत्र के माध्यम से या फैक्स : 0771-42422221 पर या सीधे मेल से aapkepatra.haribhoomi@gmail.com पर भेज सकते हैं।

हीरो मना रहा है भारत की कला शैलियों का जश्न.
पेश है मध्य प्रदेश के **राजू धुर्वे** की **गोंड कला.**

Hero

हीरो संग त्योहार है हर कहीं...

नवरात्रि की शुभकामनाएँ



गोल्ड कॉइन और बहुत कुछ जीतने का मौका पाएं@

कैश डिस्काउंट ₹3 000* तक

एक्सचेंज बोनस ₹5 000* तक

इंस्टेंट डिस्काउंट ₹10 000$ तक SBI card HDFC BANK pine labs

कम डाउन पेमेंट ₹4 999* से शुरू

कॉर्पोरेट ऑफर्स ₹3 200* तक

For bulk / institutional inquiries, please write to us at : institutionalsales@heromotocorp.com | Available in CSD

INDIA'S FIRST 5 YEAR WARRANTY* *Conditions apply

Hero GoodLife

Also Available on: Flipkart amazon.in

Hero MotoCorp Ltd. Regd. Office: The Grand Plaza, Plot No.2, Nelson Mandela Road, Vasant Kunj Phase - II, New Delhi - 110070, India. | CIN: L35911DL1984PLC017354 | For further information, contact your nearest Hero MotoCorp authorized outlet or visit us on www.HeroMotoCorp.com. Accessories and features shown may not be a part of standard fitment. Always wear a helmet while riding a two-wheeler. ~Offer amount and combination of offer may vary for model/variant and states and it is applicable on select models only, for a limited time period or till stock lasts. ^Finance offer is at the sole discretion of the Financier, subject to its respective T&Cs, Available at select dealerships. ST&C apply, Offer available only on limited stores. @Limited period offer, T&C apply.

TOLL FREE 1800 266 0018

अधिकृत डीलरः रायपुर: छत्तीसगढ़ हीरो, 9289922351, आरसन हीरो, 9289922864, राजधानी हीरो, 9289922414, राजनांदगांवः जय हीरो, 9289922357, धमतरीः सत्योम हीरो, 9289922525, कांकेरः राहुल हीरो, 9289922834, महासमुंदः वत्स हीरो, 9289922623, बलोदाबाजारः अग्रवाल हीरो, 9289922959, आरंगः श्री राम हीरो, 9289922968, बेमेतराः श्री सांई हीरो, 9289922835, कवर्धाः सरस्वती हीरो, 9289922958, जगदलपुरः विजयपाल हीरो, 9289923064, दंतेवाड़ाः जय विजय हीरो, 9289922990, दल्लीराजहराः लक्ष्मी हीरो, 9289922983, भाटापाराः कुशल हीरो, 9289923052, भिलाईः इंडियन हीरो, 9289922355, चौहान मोटर्स, 9289233817, दुर्गः उत्सव हीरो, 9289923114, उत्सव हीरो (स्टेशन रोड), 7000595300, एसोशिएट डीलरः रायपुरः संजय ऑटोव्हील, 9289924245, 0771-4266555, पंडरियाः ललित सर्विसेज़, 8770383767, भनपुरीः ओम ऑटो एजेंसी, 6261535855, दोनुहानीः किरण मोटर्स, 9754069392, लवनः गणपति ऑटो, 9926601111/9340379300, भिलौरीः श्री राम मोटर्स, 8462900028/9340005833, गुरूरः श्री गुरूनानक ऑटो, 8349484458/7224880123, बोड़लाः विक्की मोटर्स, 9755583102, पांडातराईः शक्ति ऑटोमोबाइल्स, 9179035073, अभनपुरः राजधानी ऑटोमोबाइल्स, 9325529033, छुरियाः अंकित ऑटो, 9425240565, जवाराढ़ः श्री मोटर्स, 9165525555/9009866899, राजिमः गुरूदेव ऑटोमोबाईल्स, 9977280000, खरोराः अग्रवाल मोटर्स, 9424212141, सरायपालीः बंसल ऑटो, 9425513611, डोंगरगढ़ः युवराज मोटर्स, 8085160380, तिल्दाः आरसन मोटर्स, 9340335266, जगदीः हर्ष ऑटो, 8109502100, पाटणः दिव्या ऑटो, 9893492107, बागबाहराः प्रियंका ऑटोकेयर, 9131058752, कोण्डागांवः आहुजा ऑटोमोबाईल्स, 9131794017/9993861888, नारायणपुरः गुरूनानक ऑटो, 9425596290, केशकालः साहिल ऑटो सेल्स, 9893199247, डोंगरगढ़ीः किरन ऑटोकेयर, 9754069392, फरसगांवः राजा ऑटोमोबाईल्स, 9425594144, बेरलाः कोन्हा मोटर्स, 98931058752/ 6260472025, कसडोलः बजरंग मोटर्स, 9425511973, बालोदः नैन ऑटोकेयर, 9425563502, लिमतराः माँ सरवेश्वरी ऑटोमोबाईल्स, 9301361155, गरियाबंदः छत्तीगढ़ ऑटो केयर, 8319358443, चरोदाः सत्यम ऑटोमोबाईल्स, 9977155055, गुंडरदेहीः एम.एम. ऑटो, 9893542300/ 8720051135, जामुलः जय अम्बे ऑटो एजेंसी, 9826386346, रिसालीः भारत मोटर्स, 9993417123, फिंगेश्वरः अभिषेक ऑटो, 9977737000/9300093200, भिलाई-3ः महावीर मोटर्स, 8109100019, कुरुदः शिव ऑटो, 8305711110/ 9993454103, डरपिंगार- कांकेरः अंशू ऑटो, 9406054292, पखांजूरः रिशान सर्विसेज, 6267323235, गोहारा पादरः गोविंद ऑटो केयर , 9303664769, कुड़कुदुरः दिलीप मोटर्स, 7869151152, सुकमाः आशुतोष ऑटोमोबाइल, 942526091, भानुप्रतापपुरः संस्कार मोटर्स, 9406203600, मानपुरः दिलीप ऑटो केयर, 7999054324, लाखोलीः शुभम ऑटो केयर, 9754000069, अम्बागढ़ चौकीः अमर मोटर्स, 9827969901, सालेवाड़ाः साईं मोटर्स, 9754329434, राजिमः राजीव लोचन ऑटोमोबाइल्स, 7000186678, सारागांवः जी वी मोटर्स, 7566666243, सरसींवाः श्रीराम ऑटो, 6260060443, बीजापुरः माँ भवानी ऑटोमोबाइल्स, 9301683268/7987037477, चारामाः श्री करणी ऑटोमोबाइल, 9827894444, गुड़ियारीः श्री राम मोटर्स, 7697966999/9425502611, भखाराः प्रेम ऑटो, 8770027422, डीलर एक्सटेंशन काउंटरः रायपुरः आरसन हीरो (फाफाडीह), 7428587575, 0771-4000233, भिलाई (सुपेला): इंडियन हीरो, 0788-4911301, 8305597651, ऐडिशनल वर्कशॉपः रायपुरः आरसन मोटर्स (फाफाडीह), 7697868545/0771-4000233, आरसन मोटर्स (टिकरपारा), 2274333/666, राजधानी ऑटो केयर, (रिंग रोड नं.1, तेलीबांधा चौक) 0771-2420037, जेन्युईन स्पेअर पार्ट्स के लिए संपर्क करें: अधिकृत स्टॉकिस्टः संजय ऑटोमोबाईल्स, 2226732/7474, Hero Sure (Buy, Sell, Exchange Any Used Two Wheeler) रायपुरः आरसन हीरो, 9285052266, भिलाईः इंडियन हीरो, 9289922355, दल्लीराजहराः लक्ष्मी हीरो, 9289922983.

झीरम केस में 10 नक्सलियों को फांसी, ट्रायल कोर्ट ने हाईकोर्ट को डेथ रेफरेंस भेजा

बिलासपुर। झीरम घाटी नक्सली हमले मामले में 13 साल बाद बड़ा कानूनी मोड़ आया है। जगदलपुर की विशेष एनआईए अदालत द्वारा सभी 10 नक्सलियों को सुनाई गई फांसी की सजा की पुष्टि और न्यायिक समीक्षा के लिए मामला अब आधिकारिक रूप से बिलासपुर हाईकोर्ट पहुंच गया है। ट्रायल कोर्ट ने हाईकोर्ट को डेथ रेफरेंस भेजा है। लंबी कानूनी लड़ाई, 101 गवाहों के बयानों और 1000 से ज्यादा पन्नों की चार्जशीट के बाद जगदलपुर एनआईए कोर्ट के न्यायाधीश अजय सिंह राजपूत ने यह फैसला सुनाया था। 5 सितंबर 2026: कोर्ट ने सभी 10 आरोपियों को गंभीर धाराओं (यूएपीए, आर्म्स एक्ट, हत्या और देशद्रोह) में दोषी करार दिया।16 सितंबर 2026 को इसे रेयरेस्ट ऑफ द रेयर केस मानते हुए देश के इतिहास में पहली बार एक साथ नक्सलवाद से जुड़े 10 दोषियों को फांसी की सजा सुनाई गई। दोषी ठहराए गए नक्सलियों में पुरुष कमांडरों के साथ दो महिला नक्सली भी शामिल हैं। इसमें प्रमिला मोडियम, सुमित्रा पुणे, चैतूक लेकाम, मुक्का मंडा , कबासी कोसा, आयता मरकाम (लॉजिस्टिक और राशन सपोर्टर), इसके अलावा 4 अन्य स्थानीय सक्रिय नक्सली कमांडर व सहयोगी शामिल हैं।

सरकार और पॉवर कंपनी को 660 करोड़ का झटका

बिजली बंद होने से उद्योगों का दो हजार करोड़ का उत्पादन प्रभावित

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

प्रदेश में बिजली संकट के कारण स्टील उद्योग का बीते डेढ़ माह में दो हजार करोड़ का उत्पादन प्रभावित हो गया है। इस उत्पादन से सरकार को मिलने वाली 360 करोड़ की जीएसटी का भी नुकसान हुआ है। यही नहीं, बिजली न देने के कारण छत्तीसगढ़ राज्य पॉवर कंपनी को भी 300 करोड़ का झटका लगा है। आने वाले कुछ समय तक स्टील उद्योग को पूरी बिजली मिलने की संभावना भी नहीं है। इस समय उद्योगों की 14 से 15 घंटों तक बिजली कटौती हो रही है। इसके आने वाले एक-दो दिनों में कम होने की जरूर संभावना है।

■ अभी उत्पादन पूरी तरह से पटरी पर लौटने के आसार नहीं

इस समय पूरा देश बिजली संकट से जूझ रहा है। पहली बार पूरे देश में अक्टूबर में बिजली की डिमांड बहुत बढ़ गई है। अपने प्रदेश में भी पहली बार अक्टूबर में बिजली की खपत 65 सौ मेगावाट के पार हो गई है। ऐसा होने के कारण पॉवर कंपनी को उद्योगों की बिजली में कटौती करनी पड़ रही है। वैसे तो बीते माह सितंबर से ही उद्योगों की बिजली कटौती हो रही है, लेकिन तब रोज पांच से छह घंटे ही कटौती हो रही थी, लेकिन अक्टूबर में इसको 14 से 15 घंटे कर दिया गया। अब बिजली नियामक आयोग के दखल के बाद उद्योगों को एक-दो दिनों में ज्यादा बिजली देने की तैयारी है। ऐसा होने पर उद्योगों की बिजली कटौती बहुत कम होने की संभावना है।



40 फीसदी तक उत्पादन प्रभावित

मिनी स्टील प्लांट एसोसिएशन के महासचिव मनीष धुप्पड़ के मुताबिक रोज शाम को पांच बजे से लेकर सुबह सात बजे तक और दिन में भी कभी चार से पांच घंटे बिजली कटौती के कारण मिनी स्टील प्लांट का उत्पादन 40 फीसदी प्रभावित हुआ है। ऐसे में हजार करोड़ का उत्पादन कम हुआ है। स्पंज आयरन एसोसिएशन के अध्यक्ष संजय त्रिपाठी के मुताबिक स्पंज आयरन का उत्पादन भी 30 फीसदी प्रभावित होने के कारण 500 से 600 करोड़ का उत्पादन प्रभावित है। इसी तरह से रोलिंग मिल का उत्पादन भी करीब 400 से 500 करोड़ का कम हुआ है। कुल मिलाकर दो हजार करोड का उत्पादन स्टील उद्योग का प्रभावित हुआ है।

जीएसटी का 360 करोड़ का नुकसान

उद्योगपतियों के मुताबिक सरकार को स्टील से 18 फीसदी जीएसटी मिलती है। दो हजार करोड़ का कारोबार प्रभावित होने के कारण सरकार को भी 360 करोड़ की जीएसटी नहीं मिल सकी है। इसके अलावा पॉवर कंपनी के मिनी स्टील उद्योग में आठ सौ मेगावाट के बिजली कनेक्शन हैं। बिजली बंद होने के कारण कंपनी को तीन सौ करोड़ रुपए बिजली बिल के नहीं मिल पाएंगे। ऐसे में पॉवर कंपनी को भी बड़ा नुकसान हुआ है।

उद्योगों को डबल नुकसान

बिजली न मिलने के कारण मिनी स्टील प्लांट से जुड़े उद्योगों का डेढ़ माह में दो हजार करोड़ का कारोबार प्रभावित हुआ है। इसके कारण सरकार को जीएसटी और पॉवर कंपनी को भी बिजली बिल का बड़ा नुकसान हुआ है। उद्योगों को मजदूरों को भी भुगतान देना पड़ रहा है, उद्योगों को डबल नुकसान हो रहा है।
- **मनीष धुप्पड़**, महासचिव, छत्तीसगढ़ मिनी स्टील प्लांट

बैगा आदिवासी बाहुल्य गांव में पांच बच्चों की मौत से हड़कंप

कवर्धा। जिले के विकासखण्ड बोड़ला अंतर्गत बैगा आदिवासी बाहुल्य गांव कुम्हान-नंदनी में कुछ महीनों के भीतर पांच बच्चों की मौत का मामला सामने आने के बाद ग्रामीण क्षेत्रों में स्वास्थ्य सुविधाओं की उपलब्धता और विभागीय निगरानी की पोल खुलते नजर आ रही है। इस दौरान स्वास्थ्य स्थिति को देखते हुए करीब 16 बच्चों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बोड़ला में भर्ती कराया गया, जहां चिकित्सकों की निगरानी में उनका उपचार किया जा रहा है।

कार्यालय कार्यपालन अभियंता, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी खण्ड रायपुर (छ.ग.)

ई-प्रोक्योरमेंट निविदा सूचना

एकीकृत पंजीयन प्रणाली अंतर्गत सक्षम श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदारों से "प्रपत्र-अ" में निम्नलिखित कार्य हेतु ऑनलाईन निविदा आमंत्रित की जाती है:-

एन.आई.टी. क्रमांक, दिनांक / सिस्टम टेंडर क्र.	कार्य का नाम	लागत (लाख में)
55/14.10.26, 201820	रायपुर जिले के विकासखण्ड धरसींवा के ग्राम चरौदा में फोरलेन गौरव पथ निर्माण कार्य के अंतर्गत शिफ्टिंग कार्य।	53.07
56/14.10.26, 201821	रायपुर जिले के विकासखण्ड धरसींवा के ग्राम धरसींवा में फोरलेन गौरव पथ निर्माण कार्य के अंतर्गत शिफ्टिंग कार्य।	58.21

नोट :- उपरोक्त निर्माण कार्यों की निविदा की सामान्य शर्तें, धरोहर राशि, विस्तृत निविदा विज्ञप्ति, निविदा दस्तावेज व अन्य जानकारी ई-प्रोक्योरमेंट वेब पोर्टल https://eproc.cgstate.gov.in अथवा विभागीय वेबसाईट https://eproc.cgstate.gov.in में दिनांक 23.10.2026 से देखी जा सकती है एवं निविदा डाउनलोड करने की अंतिम तिथि 03.11.2026 होगी।

कार्यपालन अभियंता,
लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी खण्ड,
यांत्रिकी रायपुर (छ.ग.)

G-262704027/3

छत्तीसगढ़ स्टेट सिविल सप्लाइज कार्पोरेशन लिमिटेड

मुख्यालय, ब्लॉक नं. 7/ए, द्वितीय तल, सेक्टर-24, आफिस काम्प्लैक्स, अटल नगर, रायपुर
Email Id : nanheadoffice@gmail.com

क्र./रि.आ.अमृत नमक क्रय/निविदा/2026-27/130 नवा रायपुर, दिनांक :- 16/10/2026

// ISI मार्क आयोडीनयुक्त रिफाईन्ड अमृत नमक क्रय हेतु निविदा सूचना //

निगम द्वारा वित्तीय वर्ष 2026–27 एवं 2027–28 हेतु ISI मार्क आयोडीनयुक्त रिफाईन्ड अमृत नमक क्रय हेतु भारत सरकार/राज्य सरकार के उद्यम तथा प्रतिष्ठित निर्माताओं (जो निविदा की न्यूनतम अर्हताएँ पूर्ण करते हो) GeM Portal (Government E-Market Place) के माध्यम से दरें आमंत्रित की जाती है।

क्रमांक	जोन का नाम	मात्रा में.टन में	GeM ID/ BID NO.
1	जोन- ए (रायपुर, दुर्ग एवं बस्तर संभाग)	70,000 मे. टन	GEM/2026/B/8166327
1	जोन- बी (बिलासपुर एवं सरगुजा संभाग)	74,000 मे. टन	GEM/2026/B/8166456

E-TENDER SCHEDULE

BID START DATE	16-10-2026	11.00 AM
BID DUE DATE	06-11-2026	5.00 PM
BID OPEN DATE FROM	10-11-2026	11.00 AM
PRE BID DATE	22-10-2026	1.00 AM

निविदा की समस्त जानकारी निविदा प्रपत्र जिसमें सभी शर्तें एवं नियम उल्लेखित हैं। GeM Portal एवं राज्य सरकार के वेबसाइट https://www.cgstate.gov.in पर उपलब्ध हैं।
किसी भी निविदा को बिना कारण बताये मान्य अथवा अमान्य किये जाने का अंतिम अधिकार प्रबंध संचालक का है। **(प्रबंध संचालक महोदय द्वारा अनुमोदित)**

S-49480/1 **डिप्टी एजीएम (नमक)**

संचालनालय, नगर तथा ग्राम निवेश, इंद्रावती भवन, नवा रायपुर अटल नगर रायपुर (छ.ग.)

प्ररूप- दस
[नियम - 14 (1) देखिये ।

पलारी विकास योजना प्रारूप 2041 के प्रकाशन की सूचना

क्रमांक 1815/ वि.यो.-171/नग्रानि/2026 नवा रायपुर अटल नगर, दिनांक 18/09/2026

एतद्वारा यह सूचना दी जाती है कि पलारी निवेश क्षेत्र के लिए पलारी विकास योजना का प्रारूप छत्तीसगढ़ नगर तथा ग्राम निवेश अधिनियम, 1973 (क्र. 23 सन 1973) की धारा 18 की उप-धारा (1) के उपबन्धों के अनुसार प्रकाशित किया गया हैं, और उसकी एक प्रति निम्नांकित कार्यालयों में कार्यालयीन समय के दौरान निरीक्षण के लिए उपलब्ध है, -

1. संभागीय आयुक्त कार्यालय, संभाग- रायपुर (छ.ग.)
2. कार्यालय कलेक्टर, जिला बलौदाबाजार-भाटापारा (छ.ग.)।
3. कार्यालय सहायक संचालक, नगर तथा ग्राम निवेश, बलौदाबाजार (छ.ग.)।
4. कार्यालय मुख्य नगर पालिका अधिकारी, नगर पंचायत पलारी, जिला- बलौदाबाजार-भाटापारा (छ.ग.)

यदि कोई आपत्ति या सुझाव प्रारूप विकास योजना के संबंध में हो, उसे लिखित में नगर तथा ग्राम निवेश के उपरोक्त वर्णित जिला कार्यालय में छत्तीसगढ़ राजपत्र में इस सूचना के प्रकाशित होने से तीस दिन की अवधि का अवसान होने के पूर्व प्रस्तुत किया जा सकता है।

स्थान :- कार्यालय नगर पंचायत, पलारी जिला- बलौदाबाजार-भाटापारा
तारीख :- 07.09.2026

अनुसूची

(क) भूमि के वर्तमान उपयोग संबंधी मानचित्र तथा वृत्तात्मक रिपोर्ट ।
(ख) प्रारूप योजना के उपबंधों को स्पष्ट करने वाले मानचित्रों तथा चार्टों द्वारा प्रमाणित की गई वृत्तात्मक रिपोर्ट ।
(ग) प्रारूप योजना की कमावस्था को उपदर्शित करने वाली तथा ऐसी रीति कथित करने वाली टिप्पणी जिसमें विकास करने हेतु अनुज्ञा अभिप्राप्य की जानी है।
(घ) लोक प्रयोजनों के लिए भूमि अर्जन के खर्चे तथा योजना के कार्यान्वयन में अन्तर्वलित कार्य के खर्चे का समुचित प्राक्कलन उपदर्शित करने वाली टिप्पणी ।

आयुक्त
नगर तथा ग्राम निवेश,
छत्तीसगढ़ रायपुर

G- 262704029/1

कार्यालय आयुक्त आदिम जाति तथा अनुसूचित जाति विकास इन्द्रावती भवन, भूतल, ब्लॉक 4डी, नवा रायपुर अटल नगर (छ.ग.)

Website - tribal.cg.gov.in Phone - 2263708,
E mail - yuvacarriernirman@gmail.com

क्रमांक/GENCOR/15045/2025-YCN
नवा रायपुर अटल नगर

//सूचना//

वर्ष 2025-26 में छ.ग. राज्य लोक सेवा आयोग द्वारा आयोजित सिविल सेवा परीक्षा की कोचिंग जिला-बिलासपुर, रायपुर एवं दुर्ग हेतु निजी प्रतिष्ठित कोचिंग संस्थाओं से आमंत्रित किये गये ऑनलाईन "रुचि की अभिव्यक्ति" का निरस्तीकरण

कार्या0 पत्र क्र./रा.यु.उ.यो/133/2025-26/1388 ,13988 ,13990 दिनांक 25.02.2026 द्वारा राजीव युवा उत्थान योजना वर्ष 2019 के भाग (बी) अंतर्गत छ.ग. राज्य लोक सेवा आयोग द्वारा आयोजित सिविल सेवा परीक्षा की कोचिंग प्रदान करने हेतु निजी प्रतिष्ठित कोचिंग संस्थाओं से जिला-बिलासपुर (निविदा क्रमांक-186540 दिनांक 27.02.2026), जिला रायपुर क्रमांक-186542 दिनांक 27.02.2026) एवं जिला दुर्ग (निविदा क्रमांक-186544 दिनांक 27.02.2026) के लिए ऑनलाईन "रुचि की अभिव्यक्ति" के तहत पृथक-पृथक निविदा आमंत्रित किये गये थे।

कार्या. पत्र क्र./ GENCOR/15045/2025-YCN/664813 दिनांक 29.09.2026 द्वारा वर्तमान में नवीन योजना लागू होने के कारण उक्त निविदा क्रमांक- 186540, 186542 एवं 186544 को निरस्त किया गया है।

उपायुक्त आदिम जाति तथा
अनुसूचित जाति विकास
नवा रायपुर अटल नगर (छ.ग.)

G-262704018/3

Nava Raipur Atal Nagar Vikas Pradhikaran

Paryavas Bhawan, North Block, Sector- 19, Nava Raipur Atal Nagar, Raipur- 492 002, Chhattisgarh.
Tel No: +91 771 2512500; Fax No.: +91 771 2512400. Website: www.navaraipuratalnagar.com

Notice Inviting Tender

NIT No. 7256/R-10/Estate/NRANVP/2026 **Nava Raipur Atal Nagar, Dated: 8/10/2026**

समृद्धि का माध्यम बनाना है। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने शुक्रवार को नवा रायपुर में यश पैकेज एंड एप्लायंसेस लिमिटेड की प्रस्तावित नई औद्योगिक इकाई के भूमिपूजन समारोह को संबोधित करते हुए यह बात कही। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने कहा कि यश पैकेज एंड एप्लायंसेस लिमिटेड की नई इकाई छत्तीसगढ़ की औद्योगिक विकास यात्रा में एक महत्वपूर्ण उपलब्धि है। इस परियोजना में 150 करोड़ रुपए से अधिक का निवेश प्रस्तावित है और इससे साढ़े तीन हजार से अधिक लोगों को प्रत्यक्ष रोजगार मिलेगा। इस इकाई में विभिन्न प्रतिष्ठित कंपनियों के लिए उत्पादों का निर्माण किया जाएगा। उन्होंने कहा कि इस परियोजना की सबसे महत्वपूर्ण विशेषता बड़े पैमाने पर रोजगार सृजन है। हमारी सरकार चाहती है कि छत्तीसगढ़ में ऐसे उद्योग अधिक से अधिक स्थापित हों, जो प्रदेश के युवाओं और महिलाओं को स्थानीय स्तर पर रोजगार के बेहतर अवसर उपलब्ध कराएं। जब युवाओं को अपने ही प्रदेश में कौशल और क्षमता के अनुरूप रोजगार मिलेगा तो उनके परिवार आर्थिक रूप से सशक्त होंगे और स्थानीय अर्थव्यवस्था को भी नई गति मिलेगी। मुख्यमंत्री श्री साय ने कार्यक्रम के दौरान नवचयनित युवाओं को नियुक्ति पत्र प्रदान किए और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

प्रदेश में तीन हजार से अधिक उद्योग स्थापित- देवांगन : उद्योग मंत्री लखन लाल देवांगन ने कहा कि मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के नेतृत्व में छत्तीसगढ़ औद्योगिक विकास के क्षेत्र में तेजी से आगे बढ़ रहा है। इस अवसर पर छत्तीसगढ़ राज्य औद्योगिक विकास निगम (सीएसआईडीसी) के अध्यक्ष राजीव अग्रवाल, यश ग्रुप के चेयरमैन रितेश नरेडी, उद्योग विभाग के सचिव रजत कुमार, नवा रायपुर विकास प्राधिकरण (एनआरडीए) के मुख्य कार्यपालन अधिकारी चंदन कुमार सहित उद्योग जगत के प्रतिनिधि, कंपनी प्रबंधन के अधिकारी तथा बड़ी संख्या में गणमान्य नागरिक उपस्थित थे।

अधिक रोजगार देने ...

अपेक्षाकृत कम रोजगार देने वाले उद्योगों की प्रधानता रही है। इस स्थिति को बदलते हुए नई औद्योगिक नीति में श्रम आधारित और अधिक रोजगार देने वाले उद्योगों को विशेष प्राथमिकता दी गई है।

बच्ची को बचाने ....

तीन-चार दिनों से ग्रामीण दहशत में थे। यह तेंदुआ 3 दिनों में करीब 15 लोगों पर हमला कर चुका है। शुक्रवार की सुबह आमानारा में तेंदुए ने तीन लोगों पर हमला किया। इनमें एक बच्ची भी शामिल है। घटना के समय सुबह ग्राम आमानाला में चार वर्षीय सुहानी मरकाम अपने घर में रोटी खा रही थी। इसी दौरान तेंदुए ने उस पर हमला कर दिया। बेटी सुहानी मरकाम पर तेंदुए को हमला करते देख पिता सुरेश मरकाम अपनी जान की परवाह किए बिना उससे भिड़ गए। बेटी को बचाने के लिए पिता ने तेंदुए का मुकाबला किया और इस दौरान गांव वालों को आवाज लगाकर मदद मांगी। शोर सुनकर मौके पर पहुंचे ग्रामीणों ने लकड़ी और डंडों की मदद से किसी तरह तेंदुए पर काबू पाया। इसके बाद ग्रामीणों ने तेंदुए को जाल में फंसाकर इसकी सूचना वन विभाग को दी। सूचना मिलने पर वन विभाग की टीम मौके पर पहुंची और तेंदुए को सुरक्षित तरीके से पिंजरे में बंद किया। बेटी की जान बचाने के लिए पिता सुरेश मरकाम द्वारा अपनी जान जोखिम में डालकर तेंदुए का सामना करने की घटना ने पिता के साहस और संतान के प्रति प्रेम की मिसाल पेश की है। इस घटना में प्रभु प्रसाद पिता बंशी, सुरेश मरकाम पिता श्यामलाल और बीरबल नेताम सहित कई ग्रामीण घायल हुए। हमले के बाद गांव में अफरा-तफरी मच गई।

भारत ने 4 विकेट से ...

दीप्ति और नंदनी ने पलटा मैच: मुश्किल परिस्थितियों में दीप्ति शर्मा और नंदनी प्रसाद ने जिम्मेदारी संभाली। दोनों ने शानदार बल्लेबाजी करते हुए भारतीय पारी को संभाला और जीत की राह आसान की। दीप्ति शर्मा ने 37 गेंदों में 49 रन बनाए। उनकी पारी में 8 चौके शामिल रहे। वहीं नंदनी प्रसाद ने 35 गेंदों में नाबाद 39 रन की पारी खेली, जिसमें 6 चौके शामिल थे। दोनों की पारियों ने मैच का रुख भारत की ओर मोड़ दिया। दीप्ति शर्मा के आउट होने के बाद भी नंदनी ने धैर्य बनाए रखा। विकेटकीपर ऋचा घोष ने 5 गेंदों में 7 रन बनाकर योगदान दिया, जबकि अरुंधति रेड्डी 2 रन बनाकर नाबाद रहीं। भारतीय टीम ने 15.4 ओवर में 6 विकेट खोकर 116 रन बनाए और 26 गेंद शेष रहते मुकाबला जीत लिया। गेंदबाजी में जिम्बाब्वे की शुरुआत अच्छी: इससे पहले जिम्बाब्वे ने निर्धारित 20 ओवर में 5 विकेट पर 114 रन बनाए थे। के. एनइलोवू ने 40 गेंदों में नाबाद 42 रन बनाए, जबकि एस. मेयर्स ने 15 गेंदों में नाबाद 20 रन का योगदान दिया।

Govt. of Jharkhand
ROAD CONSTRUCTION DEPARTMENT
Road Division, Seraikella-Kharsawan

e-Procurement Notice, (02nd Call)

Tender Reference No. RCD/SERAIKELLA/16 Date :- 15.10.2026

1.	Name of the work	IRQP work of Adardih (NH-32) to Milan Chowk (MDR-25) Road from Km 0.00 to Km 32.10 (Total Length : 32.10 Km) for the year 2025-26
2.	Estimated Cost (Rs.)	**Rs. 24,13,06,513.16 (Rupees Twenty Four Crore Thirteen Lakh Six Thousand Five Hundred Thirteen and Paise Sixteen only)**
3.	Time of Completion	06 (Six) months
4.	Last Date /Time for receipt of bids	19.11.2026 (12.00 Noon)
5.	Date of Publication of Tender on website	24.10.2026 (10.30AM)
6.	Name & Address of office Inviting tender	O/o Executive Engineer, Road Construction Department, Road Division, Seraikella-Kharsawan
7.	Contact no. of Procurement Officer	9199867872
8.	Helpline number of e-Procurement cell	0651-2401010

Further details can be seen on website http://jharkhandtenders.gov.in

Executive Engineer
RCD, Road Division
Seraikella-harsawan

PR 391946 Road(26-27)#D

झारखण्ड सरकार
कार्यपालक अभियंता का कार्यालय
ग्रामीण विकास विशेष प्रमण्डल, धनबाद
मोबाईल नं० : 7061981397 , Email : rdsd.dhanbad@rediffmail.com

पत्रांकः–1161 धनबाद / दिनांक–14.10.2026

शुद्धि पत्र

इस कार्यालय के पत्रांक 969 दिनांक 10.09.2026 के द्वारा आमंत्रित अति अल्पकालीन निविदा आमंत्रण सूचना सं0–RWD/SD/Dhanbad-34/2026-27 जिसका PR No. 389574 Rural Development (26-27)#D में प्रकाशित निविदा की तिथि में निम्नवत् संशोधन किया जाता है।

क्र0	विवरणी	पूर्व में प्रकाशित तिथि	संशोधित तिथि
1.	वेबसाइट में निविदा प्रकाशन की तिथि	दिनांक 24.09.2026	दिनांक 30.10.2026
2.	ई0 निविदा प्राप्ति की तिथि एवं समय	दिनांक 24.09.2026 से दिनांक 03.10.2026 को अपराह्न 05:00 बजे तक।	दिनांक 30.10.2026 से दिनांक 07.11.2026 को अपराह्न 05:00 बजे तक।
3.	ई0 निविदा खोलने की तिथि एवं समय	दिनांक 05.10.2026 अपराह्न 02:00 बजे।	दिनांक 10.11.2026 अपराह्न 02:00 बजे।

अतः अन्य शर्तें यथावत रहेंगी।

कार्यपालक अभियंता
ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल, धनबाद

PR 391985 Rural Development (26-27) D"

कार्यालय, नगर पालिका परिषद् खरसिया जिला-रायगढ़ (छ.ग.)

क्रमांक 1071/न.पा.प./लो.नि.वि/2026-27 खरसिया, दिनांक 16-10-26

ई-प्रोक्योरमेन्ट द्वितीय निविदा आमंत्रण सूचना

एकीकृत पंजीयन प्रणाली अंतर्गत सक्षम श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदारों से निम्नलिखित कार्य हेतु ऑनलाईन (Online) निविदा आमंत्रित की जाती है :–

1. Bid Start Date :–16.10.2026 Time 5:30 PM
2. Last Date of Online Submission for Technical & Financial Bid :– 02.11.2026 Time 5.30 PM
3. Last Date for Submission of physical bid :– 05.11.2026 Time 5.30 PM
4. Bid Open Date :– 06.11.2026 Time 11.00 AM

क्र.	सि.नि.क्र.	कार्य का विवरण	अनुमानित लागत (रू. लाख में)	अमानत राशि एफ.डी. आर/टी.डी.आर के रुप में
1	202024	वार्ड क्र. 18 आडिटोरियम में पाथवे सी.सी. रोड के साथ लैण्ड स्कैपिंग निर्माण कार्य।	23.45	18000.00
2	202031	वार्ड क्रमांक 11 बाल मंदिर स्कूल में अतिरिक्त कक्ष निर्माण कार्य।	22.46	17000.00
3	202036	लोवरिंग / लिपिटिंग कार्य वार्ड क्रमॉक 01 से 09 तक	10.00	7500.00
4	202038	लोवरिंग / लिपिटिंग कार्य वार्ड क्रमॉक 10 से 18 तक	10.00	7500.00

उपरोक्त कार्य की निविदा की सामान्य शर्तें, धरोहर राशि, विस्तृत निविदा विज्ञप्ति, निविदा दस्तावेज व अन्य जानकारी ई-प्रोक्योरमेन्ट वेब पोर्टल https://eproc.cgstate.gov.in अथवा विभागीय वेबसाईट https://uad.cg.gov.in से डाउनलोड की जा सकती है एवं कार्यालयीन अवधि में कार्यालय आकर जानकारी प्राप्त की जा सकती है।

मुख्य नगरपालिका अधिकारी
नगर पालिका परिषद् खरसिया

कार्यालय नगरपालिक निगम, जगदलपुर, जिला- बस्तर (छ.ग.)

// ई-प्रोक्यूरमेंट निविदा सूचना //

Main Protal: http://eproc.cgstate.gov.in

क्रमांक/2457/नपानि/लोनिवि/2026 जगदलपुर, दिनांक 16/10/2026

नगरपालिक निगम जगदलपुर द्वारा निम्नांकित कार्य हेतु ऑनलाईन निविदा आमंत्रित की जाती है।

S. No.	NIT No.	System Tender No.	Name of work.	PAC in Lakhs	Amount of Earnest Money	Tender Processing Fee
1	365	201895	supplying] Installation] Testing & Commissioning of street light work from Sahid Park to Chandani Chowk to Hanuman Mandir] Sanjay Market District Bastar	59.58	45000/-	3000.00
2	366	201924	Construction of BT Road widening work durga mandir to bodh Ghat road at ward no- 25 Jagdalpur .	88.25	66500/-	3000.00
3	367	201933	Construction of RCC Drain (1-6 X 1-6 M) Ganga Munda outlet to Girdhar Niwas] Ganga Nagar at ward no- 23 Jagdalpur	58.64	44000/-	3000.00
4	368	201934	Construction of RCC Drain (1-20 X 1-20 M) Naya Bus Stand to District Court and PDS to Naya Bus Stand main road at ward no- 25 Jagdalpur	77.98	58500/-	3000.00
5	369	201930	Construction of BT Road widening work Bodh Ghat Road to Hanuman Mandir at ward no- 32 Jagdalpur	52.73	40000/-	3000.00
6	370	201932	Construction of road widening work, pathway, drain and electrification work at PG college to Nalanda Parishar at ward no-48	125.74	94500/-	3000.00

निविदा प्रपत्र पर ऑनलाइन वेबसाईट (Main Protal: http://eproc.cgstate.gov.in) पर दिनांक 10.11.2026 को सांय 5.30 बजे तक देखे / क्रय एवं निविदा की कार्यवाही किये जा सकते हैं। अन्य विवरण एवं विस्तृत निविदा विवरण उपरोक्त वेबसाईट एवं नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग के वेबसाईट http://uad.cg.gov.in मे भी देखी जा सकती है। निविदा शर्तें, बी.ओ. क्यू, सूचना में किसी प्रकार का संशोधन किये जाने पर उपरोक्त वेवसाईट मे भी देखी जा सकती है। संशोधन सूचना, समाचार पत्र पर प्रकाशित नहीं किया जावेगा।

टीप :– निविदा प्रपत्र ऑनलाईन क्रय करने हेतु सक्षम श्रेणी पंजीकृत ठेकेदारों को उक्त वेबसाईट में पंजीकरण अनिवार्य है। टेंडर डाकुमेंट एण्ड प्रोसेसिंग शुल्क राशि का डी. डी. जो आयुक्त नगरपालिक निगम जगदलपुर के पक्ष में देय तथा किसी राष्ट्रीयकृत बैंक से जारी हो जमा किया जाना अनिवार्य है।

आयुक्त
नगरपालिक निगम, जगदलपुर

S-49501/1 "स्वच्छ भारत स्वस्थ भारत निर्माण में योगदान दें।"

कार्यालय नगर पंचायत मारो, जिला- बेमेतरा (छ.ग.)

क्रमांक /663/लो.नि.वि./न.पं./2026-27 मारो, दिनांक 15/10/2026

// मैनुअल पद्धति निविदा सूचना (प्रथम) //

एकीकृत पंजीयन प्रणाली अंतर्गत सक्षम श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदारों से लोक निर्माण विभाग भवन / एस.ओ.आर. 10.06.2026 एवं सड़क / एस.ओ.आर. 15.06.2026 दर के संदर्भ में निविदा प्रपत्र "A" में कम / सामान / अधिक प्रतिशत दर पर 15वें वित्त आयोग मद अंतर्गत निम्नांकित कार्य हेतु दिनांक 06/11/2026 को कार्यालयीन अवधि समय 03:00 बजे तक पंजीकृत डाक / स्पीड पोस्ट के माध्यम से तीन लिफाफा पद्धति पर सीलबंद निविदा आमंत्रित की जाती है।

1	निविदा प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि	-	06/11/2026 अपरान्ह 03:00 बजे तक
2	निविदा खोलने की तिथि	-	06/11/2026 अपरान्ह 04:00 बजे के बाद
क्रमांक	कार्य का नाम		अनुमानित राशि (लाख) में
1	नगर पंचायत मारो में विभिन्न वार्डों में कुल 12 निर्माण कार्य आर.सी.सी. नाली निर्माण एवं पाईप लाईन स्थापना कार्य।		56.85

टीप :– नियम एवं शर्तें: निविदा के संबंध में विस्तृत जानकारी कार्यालयीन अवधि में कार्यालय में एवं विभागीय वेबसाईट www.uad.cg.gov.in में देखा / डाउनलोड की जा सकती है। उक्त निविदा में संशोधन होने की स्थिति में विभागीय वेबसाईट www.uad.cg.gov.in में अपलोड की जावेगी, जिसकी सूचना दैनिक समाचार पत्र में पृथक से नहीं दी जावेगी।

मुख्य नगर पालिका अधिकारी
नगर पंचायत मारो

कार्यालय नगर पंचायत अर्जुन्दा, जिला-बालोद (छ.ग.)

// ई-प्रोक्योरमेंट द्वितीय निविदा आमंत्रण सूचना //

Main Portal: https://eproc.cgstate.gov.in

क्रमांक /1337/ लो.नि.वि./न.पं./ 2026-27 अर्जुन्दा, दिनांक-15/10/2026

एकीकृत पंजीयन प्रणाली अंतर्गत सक्षम श्रेणी मे पंजीकृत ठेकेदारों से अधोसंरचना मद अंतर्गत निम्नांकित निर्माण कार्य हेतु ऑनलाईन निविदा आमंत्रित की जाती हैं -

क्र.	सिस्टम टेंडर क्र.	कार्य का विवरण	अनुमानित लागत (लाख में)	निविदा डाउनलोड करने की अंतिम तिथि
अधोसंरचना मद				
1	201803	वार्ड क्र. 03 में सर्वसुविधायुक्त भवन निर्माण कार्य	21.22	04/11/2026 17:30 IST

टीप - 1. निविदा से संबंधित समस्त दस्तावेज (प्रमाणित प्रति) ऑनलाईन अपलोड करना अनिवार्य होगा।

2. अन्य शर्तें व विस्तृत जानकारी संबंधित शाखा/ विभागीय वेबसाईड www.uad.cg.gov.in में भी देखी एवं https://eproc.cgstate.gov.in डाउनलोड की जा सकती हैं।

मुख्य नगर पालिका अधिकारी
नगर पंचायत अर्जुन्दा

नगर पंचायत के करों का भुगतान समय पर करें।

OFFICE OF THE NAGAR PANCHAYAT DEVKAR
DISTRICT BEMETARA, CHHATTISGARH

NOTICE INVITING TENDER (1st Call)

Main Portal: https://eproc.cgstate.gov.in

SYSTEM TENDER NO/202098/NIT NO: 1207, Dated 16/10/2026

Online tender are invited by the Chief Municipal Officer, NAGAR PANCHAYAT, DEVKAR for the following work in Form "F" for lump Sum contract from the contractors registered with Unified Registration System (Single Window) on GoCG PWD & e-Procurement System Portal (https://eproc.cgstate.gov.in) as per the 'key Dates' mentioned below. All other conditions for submission of tenders and criteria for prequalification etc. have been mentioned in the tender documents.

SYSTEM TENDER NO.	Name of Work	Proble Amount of Contract	Bid Due Date
202098	Design, Construction, Testing, Commissioning of All The Components of Interception and Diversion Based Sewage Treatment Plant (STP) Work Including 05 Years of Operation and Maintenance of The Entire System in NAGAR PANCHAYAT, DEVKAR under SBM 2.0	Rs. 297.20 Lakhs	10/11/2026

The tender documents containing detailed terms & conditions are available for free download on GOCG e-Procurement portal http://eproc.cgstate.gov.in through sub portal of Urban Administration & Development Department http://uad.cg.gov.inBidders have to quote online their prices along with Technical and Commercial bids in prescribed formats on the above mentioned portal only.

टीप :– ऐसे निविदाकार, जिनके पास STP / WTP कार्य एवं निविदा (Notice Inviting Tender) में निर्धारित पात्रता को पूर्ण करते है, निविदा में भाग लेने हेतु पात्र होंगे।

CHIEF MUNICIPAL OFFICER
NAGAR PANCHYAT DEVKAR

पेज एक के शेष

राजतंत्र से चली आ रही...

उदयपुर विकासखंड के ग्राम डांडगांव की। डांडगांव के प्रसिद्ध देव स्थल डांड़गोइहा ठाकुर देव धाम हैं जहां मान्यता के अनुसार राजतंत्र के जमाने से ही इस देव धाम में जिले में सबसे पहले दशहरा पूजा की शुरुआत होती है। हर वर्ष कुंवार मास के पंचमी के दिन यहां रात्रि में कर्मा नृत्य, नाच गाने के साथ ठाकुर देव को प्रसन्न किया जाता है। सुबह भव्य मेले के साथ भोर से ही ठाकुर देव धाम में बड़ी संख्या में ब्लाक जिले सहित प्रदेश के लोग आते हैं दूर दराज से हर दिन ठाकुर देव धाम में अपनी मन्नत मांगने आते हैं। डांड़गोईहा ठाकुर देव धाम में कर्मा, मेला, दशहरा का भव्य आयोजन ठाकुर देव स्थल पर किया गया। दिनभर जिले सहित प्रदेश के विभिन्न क्षेत्रों से हजारों के संख्या में डांड़गोइहा ठाकुर देव धाम में पूजा अर्चना एंव मन्नत मांगने के लिए लोगों की भीड़ लगी रही। इस पूजा एवं परंपरा की शुरुआत राज तंत्र के जमाने से शुरू हुई थी जो आज भी चली आ रही है। कुंवार मास के पंचमी के दिन यहां कर्मा, दशहरे के साथ पूजा अर्चना की जाती है। वैसे तो हर रोज लोग पूजा एवं मन्नत मांगने पूजा अर्चना के लिए आते हैं। लेकिन साल में इस तिथि को विशेष रूप से पूजा अर्चना की जाती है। इस वर्ष भी जिले सहित प्रदेश के अन्य जगहों से भारी संख्या में लगभग 20 से 25 हजार लोग आए हुए थे। जहां ठाकुर देव स्थल के पूरी रात मादर, झांझ के ताल पर बड़ी संख्या में महिला, पुरुष, बच्चे बूढे कर्मा नाचते गाते रहे। जो मनोरम दृश्य देखने लायक होता है ऐसा इसलिए किया जाता है कि नाच गान के बाद ठाकुर देव प्रसन्न होते हैं और जो कोई भी श्रद्धा से मन्नत मांगते हैं तो उनकी मन्नत पूरी होती है। कई बार नेता, मंत्री के अलावा पुलिस प्रशासन भी इस क्षेत्र के बड़े अपराध के सफलता के लिए माथा टेकने आते हैं। इस बार भी दशहरे मेले में सैकड़ों के संख्या में दुकानदार मेले में दुकान लगाने आए थे। किसी प्रकार की कानून व्यवस्था न बिगड़े इसके लिए पुलिस प्रशासन द्वारा पूरी रात दल बल के साथ मौके पर डटे रहे। हर रोज भी होता है पूजा। ठाकुर देव धाम में बैगा द्वारा प्रति दिन पूजा कराया जाता है। हर रोज बड़ी संख्या में श्रद्धालु अपना सुख दुख लेकर माथा टेकने आते हैं। साल में एक बार विशेष पूजा पंचमी, छठ को होता है। आज के बाद जिला मुख्यालय पैलेस सहित जिले के अन्य गांवों ब्लाकों में दशहरा, मेले का आयोजन शुरू होगा। **वाहन स्टैंड के कर्मचारी से पैसे की लूट** : मेले में आने वाले दो पहिया चार पहिया वाहनों की व्यवस्थित रूप से रखने के लिए ग्राम पंचायत एवं समिति द्वारा कुछ कर्मचारियों की ड्यूटी लगाई गई थी। लेकिन तड़के अज्ञात लोगों द्वारा एक कर्मचारी से मारपीट कर वसूली की बड़ी रकम लेकर फरार हो गए हैं। युवक बुतरू को सर में गंभीर चोटे आई है। वहीं एक बाइक भी मेले से चोरी की जानकारी मिली है।

अकलवारा में शयन मुद्रा में ...

स्वरूप में प्रकट हुई थीं। माता के इस दुर्लभ स्वरूप के दर्शन और मनोकामना पूर्ति की आस लेकर दूर-दराज से श्रद्धालु पहुंचते हैं तथा श्रद्धापूर्वक ज्योति कलश प्रज्ज्वलित कराते हैं। मंदिर के पंडा-पुजारी दुकलहा राम सिन्हा और तुकाराम साहू के अनुसार, लोकमान्यता है कि माता दंतेश्वरी लगभग 50 वर्षों तक शयन मुद्रा में ही विराजमान रहीं। इसके बाद वे गांव के लोगों को स्वप्न में दर्शन देने लगीं। शुरुआत में लोगों ने इन बातों पर विश्वास नहीं किया, लेकिन जब गांव सहित आसपास के क्षेत्रों के अनेक लोगों को एक जैसे स्वप्न आने लगे, तो माता के प्रति उनकी आस्था बढ़ने लगी। मान्यता है कि कुछ लोगों को माता ने रास्ते में बालिका के रूप में भी दर्शन दिए। इसके बाद ग्रामीणों ने माता की पूजा-अर्चना के लिए झोपड़ीनुमा कुटिया बनाई। धीरे-धीरे श्रद्धालुओं की संख्या बढ़ने लगी और आसपास के गांवों से भी लोग यहां पहुंचकर सेवा करने तथा ज्योति कलश प्रज्ज्वलित कराने लगे। स्थानीय मान्यता के अनुसार, श्रद्धालुओं की मनोकामनाएं पूरी होने की मान्यता से माता की प्रसिद्धि दूर-दूर तक फैलती गई। करीब 25 वर्ष पहले यहां विधिवत प्रतिष्ठा की गई और मंदिर निर्माण की आधारशिला रखी गई।

धान की हेराफेरी रोकने...

की व्यवस्था लागू की जानी है। इसके माध्यम से मिल से भारतीय खाद्य निगम, नागरिक आपूर्ति निगम और उचित मूल्य दुकानों तक चावल की 100 प्रतिशत स्कैनिंग और ट्रेसेबिलिटी सुनिश्चित करने का लक्ष्य है। प्रत्येक क्यूआर कोड वाले बैग को कॉस्ट शी

स्मृति मंधाना के कप्तानी युग की विजयी शुरुआत

दीप्ति और डेब्यूडेंट निकी की धमाकेदार साझेदारी

- भारत ने 4.2 ओवर रहते 6 विकेट पर 116 रन बनाकर दर्ज की जीत
- दीप्ति और निकी ने मिलकर बनाए 82 रन
- नंदनी ने 4 ओवर में 11 रन देकर झटके 2 विकेट

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

भारत ने अनुभवी ऑलराउंडर दीप्ति शर्मा (49 रन) और पदार्पण करने वाली बल्लेबाज निकी प्रसाद (नाबाद 39) के बीच पांचवें विकेट के लिए 82 रन की साझेदारी की मदद से शुरुआती झटकों से उबरते हुए शुक्रवार को पहले महिला टी20 अंतरराष्ट्रीय मुकाबले में जिम्बाब्वे को 4 विकेट से शिकस्त देकर तीन मैच की श्रृंखला में 1-0 से बढ़त बना ली।

भारत और जिम्बाब्वे पहली बार द्विपक्षीय श्रृंखला में खेल रहे हैं। इस मुकाबले के साथ स्मृति मंधाना के कप्तानी कार्यकाल की भी शुरुआत हुई। भारतीय टीम के लिए 115 रन का लक्ष्य इतना बड़ा नहीं था लेकिन 19 रन पर 4 विकेट गंवाने के बाद टीम संघर्ष करती दिख रही थी।





दीप्ति और निकी ने तोड़ा मिताली-अनुजा का रिकॉर्ड

अनुभवी ऑलराउंडर दीप्ति (37 गेंद, आठ चौके) और मध्यक्रम बल्लेबाज निकी (35 गेंद, छह चौके) ने मिलकर 5वें विकेट के लिए 63 गेंद में 82 रन की भागीदारी कर भारत को जीत तक पहुंचाया। यह महिला टी20 अंतरराष्ट्रीय में पांचवें विकेट के लिए भारत की सबसे बड़ी साझेदारी है। इन दोनों ने मिताली राज और अनुजा पाटिल के बीच इस विकेट के लिए 77 रन की साझेदारी के रिकॉर्ड को पीछे छोड़ा। इस दौरान दीप्ति आउट हो गईं, पर भारत ने 4.2 ओवर रहते 6 विकेट पर 116 रन बनाकर जीत दर्ज की।

स्मृति 650 चौके लगाने वाली पहली खिलाड़ी

स्मृति मंधाना ने अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में एक और बड़ी उपलब्धि अपने नाम कर ली है। वह महिला टी-20 अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में 650 चौके पूरे करने वाली पहली बल्लेबाज बन गई हैं। इस प्रारूप में चौके लगाने के मामले में वह अन्य बल्लेबाजों से काफी आगे हैं। इस सूची में श्रीलंका की चमारी अटापट्टू 563 चौकों के साथ दूसरे स्थान पर हैं। वहीं, न्यूजीलैंड की सूजी बेट्स 525 चौकों के साथ 500 से अधिक चौके लगाने वाली अन्य महिला बल्लेबाज हैं।

नयाशा ग्वानजुरा ने झटके 3 विकेट

नयाशा ग्वानजुरा (3 ओवर में 18 रन देकर 3 विकेट) ने अपने पहले ही ओवर में भारतीय कप्तान स्मृति मंधाना (09) और अनुष्का शर्मा (04) के विकेट लेकर भारत को दो झटके दे दिए। जिम्बाब्वे का मंधाना के खिलाफ शुरुआत में ऑफ स्पिन गेंदबाजी कराने का फैसला सफल रहा। दूसरे ओवर की पहली गेंद हालांकि विकेट लेने वाली गेंद नहीं थी। मंधाना के पास इसे खेलने का समय था लेकिन वह पीछे हटकर पुल शॉट खेलने गईं और गेंद उनके बल्ले का ऊपरी किनारा लेकर हवा में उछल गई।

स्कोर बोर्ड

जिम्बाब्वे	रन	गेंद	4	6
केलिस एंडलोहरु बो अरुंधति रेड्डी	42	44	7	0
बैलेन्स बिजा पनाबाधा बो गौड़	00	04	0	0
मॉडेस्टर मुपायिकवा का एवं बो श्रीचरणी	16	26	1	0
शारने मेयर्स नाबाद	43	33	4	2
नाइशा ग्वानजुरा स्टं घोष बो नंदनी	09	11	1	0
मिशेल मारुंगा स्टं घोष बो नंदनी	00	01	0	0
पिपो मुगेरी टिरिपानो नाबाद	01	01	0	0
अतिरिक्त : 03, कुल : 20 ओवर में 114/5 रन				
गेंदबाजी : क्रांति गौड़ 2-0-16-1, नंदनी शर्मा 4-0-11-2, शेफाली वर्मा 3-0-20-0, दीप्ति शर्मा 4-0-22-0, अरुंधति रेड्डी 3-0-30-1, श्रीचरणी 4-0-14-1				
भारत	रन	गेंद	4	6
स्मृति मंधाना का माकुरा बो ग्वानजुरा	09	06	2	0
शेफाली वर्मा का एवं बो ग्वानजुरा	04	02	1	0
अनुष्का का एंडलोहरु बो ग्वानजुरा	04	03	1	0
हरमनप्रीत का ग्वानजुरा बो मारुंगा	01	04	0	0
निकी प्रसाद नाबाद	39	35	6	0
दीप्ति का मेयर्स बो चारे	49	37	8	0
ऋचा का ग्वानजुरा बो बिजा	07	05	0	1
अरुंधति रेड्डी नाबाद	02	02	0	0
अतिरिक्त : 01, कुल : 15.4 ओवर में 116/6 रन				
गेंदबाजी : टेंडई माकुरा 1.4-0-19-0, नयाशा ग्वानजुरा 3-0-18-3, मिशेल मारुंगा 3-1-19-1, फ्रांसिस्का पिपारे 1-0-10-0, ऑलिंडर चारे 3-0-23-1, बिलल्ड बिजा 4-0-27-1				

वुहान ओपन : कर्तल ने किया उलटफेर

स्वितोलिना को हराकर सेमीफाइनल में पहुंचीं

एजेंसी ▶▶| वुहान

ब्रिटेन की सोने कर्तल ने वुहान ओपन के क्वार्टर फाइनल में वर्ल्ड नंबर 6 एलिना स्वितोलिना के खिलाफ 6-2, 2-6, 6-4 से जीत दर्ज की। इस बड़े उलटफेर के साथ कर्तल पहली बार डब्ल्यूटीए 1000 टूर्नामेंट के सेमीफाइनल में पहुंच गई हैं। 2 घंटे और 3 मिनट तक चले इस कड़े मुकाबले में, कर्तल ने पहला सेट आसानी से जीता था, लेकिन दूसरा सेट हार गईं। इसके बाद तीसरे सेट में उन्होंने बढ़त बनाई और जीत हासिल करते हुए सेमीफाइनल में जगह सुनिश्चित की। सेमीफाइनल में अब कर्तल का सामना ओस्टापेंको से होगा। सोने कर्तल पीठ की चोट के कारण लंबे समय तक खेल से दूर रही थीं। यह उनका तीसरा टूर्नामेंट है, जिसमें उन्होंने अपना शानदार प्रदर्शन जारी रखा है। साल 2009 में डब्ल्यूटीए 1000 फॉर्मेट शुरू होने के बाद से, जोहाना कोंटा के बाद सेमीफाइनल में पहुंचने वाली वह दूसरी ब्रिटिश खिलाड़ी बन गई हैं।



चोट के कारण खेल से दूर रहीं कर्तल

सोने कर्तल पीठ की चोट के कारण लंबे समय तक खेल से दूर रही थीं। यह उनका तीसरा टूर्नामेंट है, जिसमें उन्होंने अपना शानदार प्रदर्शन जारी रखा है। साल 2009 में डब्ल्यूटीए 1000 फॉर्मेट शुरू होने के बाद से, जोहाना कोंटा के बाद सेमीफाइनल में पहुंचने वाली वह दूसरी ब्रिटिश खिलाड़ी बन गई हैं।

एशियन स्विंग में सोने का बेहतरीन प्रदर्शन

इससे पहले 44वें नंबर पर रहीं कर्तल ने पिछले हफ्ते चाइना ओपन में तीसरे राउंड तक जगह बनाई थी। उन्होंने वुहान में एशियन स्विंग के दौरान बेहतरीन प्रदर्शन किया। पहले राउंड में उन्होंने वर्ल्ड नंबर 48 खिलाड़ी एंहेलिना कलिनिना को हराया और फिर 'राउंड ऑफ 32' में 12वें नंबर की बेलिंडा बेनसिच को मात दी। इसके बाद, उन्होंने प्री-क्वार्टर फाइनल में पूर्व फ्रेंच ओपन और विंबलडन फाइनलिस्ट जैस्मीन पाओलिनी को हराया। इस ब्रिटिश खिलाड़ी ने चार बार की ग्रैंड स्लैम सेमीफाइनलिस्ट स्वितोलिना को भी हरा दिया। दोनों के बीच अब तक हुए तीन मुकाबलों में यह उनकी पहली जीत है।



जेलेना की सेमीफाइनल में एंट्री

जेलेना ओस्टापेंको ने डोंगफेंग वोया सेंटर कोर्ट में वुहान ओपन के क्वार्टर फाइनल में डायना श्नाइडर को 7-6 (6), 6-1 से हराकर सेमीफाइनल में जगह बनाई। ओस्टापेंको को एक्शन से भरे पहले सेट में दो सेट पॉइंट बचाने पड़े और दूसरे सेट में 11वीं वरीयता प्राप्त खिलाड़ी को हराकर एक घंटे 37 मिनट में जीत दर्ज करने से पहले ब्रेक डाउन से उबरना पड़ा। दोहा में आखिरी चार में पहुंचने के बाद, यह 2026 में डब्ल्यूटीए 1000 इवेंट्स में उनका दूसरा सेमीफाइनल है। 2017 के बाद वुहान में यह उनका दूसरा सेमीफाइनल भी है। लातविया की गैरवरीयता प्राप्त स्टार पहले सेट में 2-5 से पीछे थीं, क्योंकि उन्होंने एक महत्वपूर्ण छठे गेम में अपनी सर्व गंवा दी थी। उन्होंने अपनी सर्विस बरकरार रखते हुए स्कोर 3-5 किया, लेकिन उन्हें श्नाइडर की सर्विस तोड़नी पड़ी।



खबर संक्षेप



फेनेस्टा ओपनः खुशी ने जीता अंडर-16 डबल्स का टाइटल

नई दिल्ली। फेनेस्टा ओपन में हरियाणा की खुशी कादियान ने तमिलनाडु की सनमिता हरिणी के साथ मिलकर गर्ल्स अंडर-16 डबल्स का खिताब जीता। इसके साथ ही, डीएलटीए कॉम्प्लेक्स में जारी 31वीं फेनेस्टा ओपन नेशनल टेनिस चैंपियनशिप में उनकी 'खिताबी हैट्रिक' (तीन खिताब जीतने) की उम्मीदें बरकरार हैं। 13 वर्षीय खुशी ने अंडर-16 और अंडर-14 कैटेगरी में सिंगल्स के फाइनल में भी जगह बना ली है। शुक्रवार को खेले गए फाइनल में, तीसरी वरीयता प्राप्त कादियान और हरिणी की जोड़ी ने चौथी वरीयता प्राप्त पूर्वी पटवा और रंजना संग्राम को 6-3, 6-3 से मात दी। कादियान के लिए यह दिन काफी लंबा रहा, क्योंकि यह उनका दिन का तीसरा मैच था।

एशियाई पैरा बैडमिंटनः सुहास ने जीता मुकाबला



नागोया। सुहास एल वाई ने एशियाई पैरा खेलों की बैडमिंटन स्पर्धा में जीत के साथ आगाज करते हुए पुरुषों के एकल एसएल4 ग्रुप ई मैच में बांग्लादेश के जॉयतू धर को सीधे गेम में हराया। पुरुषों के एकल एसएल4 वर्ग में अभिजीत सखुजा ने चीनी ताइपै एन चुआन येह को से मात दी। कृष्णा नागर ने चीनी ताइपै के जिया सियांग लिंग को हराकर जीत के साथ आगाज किया। एसएच6 वर्ग में सिवराजन सोलाइमलाइ ने ग्रुप डी में फिलीपींस के जॉन साइरस मेकलांग को हराया।

शंघाई मास्टर्स : रूड को हराकर एटीपी मास्टर्स के सबसे युवा सेमीफाइनलिस्ट बने जोडार

एजेंसी ▶▶| शंघाई

19 वर्षीय राफेल जोडार ने कैस्पर रूड को 2 घंटे 20 मिनट तक चले मुकाबले में 4-6, 6-4, 6-3 से मात देकर एटीपी मास्टर्स 1000 इवेंट में जीत हासिल की। इसके साथ जोडार टूर्नामेंट के इतिहास के सबसे युवा सेमीफाइनलिस्ट बन गए। इस जीत से, एटीपी टूर पर अपने पहले पूरे सीजन में खेल रहे जोडार ने एटीपी फाइनल्स के लिए क्वालीफाई करने की संभावनाओं को भी मजबूत कर लिया है। स्पेन के इस खिलाड़ी ने 'एटीपी लाइव रेस टू ट्यूरिन' में नोवाक जोकोविच और एलेक्स डी मिनौर को पछाड़ते हुए नौवां स्थान हासिल कर लिया है।



जोडार ने बनाया मैच पर दबदबा

रूड ने 10वें गेम में सर्विस ब्रेक करके पहला सेट अपने नाम किया, और फिर दूसरे सेट में भी ब्रेक हासिल करके स्कोर 2-2 से बराबर कर दिया। इसके बाद जोडार ने धीरे-धीरे मैच पर अपना दबदबा बनाना शुरू कर दिया। 5-4 से सर्विस ब्रेक करने और फिर दूसरे सेट को बिना कोई अंक गंवाए (लव पर) जीतने के बाद, जोडार ने निर्णायक सेट में रूड की सर्विस को तीन बार तोड़ा। उन्होंने वर्ल्ड नंबर 24 खिलाड़ी के खिलाफ शानदार जीत दर्ज की।

भारत-वेस्टइंडीज का पांचवां टी-20 आज

एजेंसी ▶▶| बेंगलुरु

वेस्टइंडीज के खिलाफ निर्णायक पांचवें टी20 मैच के साथ श्रृंखला जीतने के लिए भारत को अपनी बल्लेबाजी की कमियों से पार पाते हुए बेहतर प्रदर्शन करना होगा चूंकि कैरेबियाई टीम ने अब तक मेजबान को कांटे की टक्कर दी है।

श्रृंखला अभी 2-2 से बराबरी पर है। भारत के लिए समस्या शीर्ष क्रम से शुरू होती है। संजू सैमसन और अभिषेक शर्मा ने अभी तक तीन अर्धशतक जमाए हैं लेकिन सलामी जोड़ी के रूप में उनका योगदान 29, 42, 7 और 60 रहा है।



श्रेयस की कप्तानी को खतरा नहीं

श्रेयस की कप्तानी को खतरा नहीं है लेकिन अनुभवी और आक्रामक विरोधी टीम के सामने उनकी नेतृत्व क्षमता पर सवाल जरूर उठ सकते हैं। तीसरे नंबर पर ईशान ने 43, 37 और छह रन बनाए हैं। वहीं धीर की पारियां 4, 10 और 0 की रही है। तिलक वर्मा और नीतीश कुमार रेड्डी भी हैदराबाद में 12-1 से 14-4 ओवर के बीच कोई चौका नहीं लगा सके और 248 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए टीम नाकाम रही।

भुवनेश्वर को 4 साल बाद टी20 टीम में मौका

बेंगलुरु। अनुभवी तेज गेंदबाज भुवनेश्वर कुमार को शुक्रवार को कंधे में चोट से जूझ रहे अर्शदीप सिंह के कवर के तौर पर वेस्टइंडीज के खिलाफ होने वाले पांचवें और अंतिम टी20 अंतरराष्ट्रीय मैच के लिए भारतीय टीम में शामिल किया गया। भारत और वेस्टइंडीज के बीच 5 मैच की यह श्रृंखला 2-2 से बराबरी पर है। श्रृंखला का निर्णायक मुकाबला शनिवार को एम चिन्नास्वामी स्टेडियम में खेला जाएगा।

अंडर-19 क्रिकेट

आर्यवीर का विस्फोटक शतक

चौके-छक्के लगाकर बनाए 124 रन



एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

वीरेंद्र सहवाग के बेटे आर्यवीर सहवाग ने बीसीसीआई के अंडर टूर्नामेंट में धमाकेदार शतक लगाया। उन्होंने वीनू मांकड़ ट्रॉफी (50 ओवर टूर्नामेंट) में दिल्ली अंडर 19 टीम की ओर से खेलते हुए 173 रन की पारी खेली। आर्यवीर ने 143 गेंद का सामना किया और 19 चौके व 8 छक्के लगाए। उन्होंने 121 की स्ट्राइक रेट से रन बनाए, जिससे दिल्ली की टीम ने चंडीगढ़ के खिलाफ 6 विकेट पर 289 रन का स्कोर बनाया। लेकिन उनकी टीम फिर भी हार गई। चंडीगढ़ ने 41.3 ओवर में लक्ष्य हासिल कर लिया।

अन्वय द्रविड़ ने ठोके 151 रन

विजयनगरम। पूर्व भारतीय कप्तान राहुल द्रविड़ के छोटे बेटे अन्वय द्रविड़ ने 100 गेंद में 151 रन की शानदार पारी खेली, जिससे कर्नाटक अंडर-19 टीम ने शुक्रवार को गुजरात को पांच विकेट से हराकर वीनू मांकड़ ट्रॉफी के नॉकआउट चरण में प्रवेश किया। कप्तान अन्वय ने अपनी आक्रामक पारी में 20 चौके और तीन छक्के लगाए। उन्हें ध्रुव कृष्णन का अच्छा साथ मिला, जिन्होंने 100 गेंद में 131 रन बनाए। दोनों की पारियों की मदद से कर्नाटक ने वीजेडी पद्धति के तहत मिले 352 रन के विशाल लक्ष्य को 45.3 ओवर में हासिल कर लिया। अन्वय और ध्रुव ने तीसरे विकेट के लिए 26 ओवर से कुछ अधिक समय में 203 रन की बड़ी साझेदारी की।

न्यूजीलैंड दौरे के लिए टीम इंडिया का ऐलान

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

बीसीसीआई ने न्यूजीलैंड के खिलाफ वनडे और टेस्ट सीरीज के लिए पुरुष क्रिकेट टीम का ऐलान कर दिया है। वनडे सीरीज के शुरुआती तीन मुकाबलों के लिए शुभमन गिल को कमान सौंपी गई है, जबकि आखिरी दो मैचों में श्रेयस अय्यर कमान संभालेंगे।

शुरुआती तीन मुकाबलों के लिए 16 सदस्यीय टीम की कप्तानी शुभमन गिल करेंगे और श्रेयस अय्यर उनके डिप्टी (उप-कप्तान) होंगे। वहीं, आखिरी दो मैचों में बदलाव करते हुए श्रेयस अय्यर को कप्तान बनाया जाएगा। विकेटकीपर-बल्लेबाज ईशान किशन को चौथे और पांचवें वनडे के लिए उप-कप्तान नियुक्त किया गया है। वरिष्ठ बल्लेबाज रोहित शर्मा और विराट कोहली पूरी वनडे सीरीज के लिए उपलब्ध रहेंगे। इनके साथ ऑलराउंडर नीतीश कुमार रेड्डी, अक्षर पटेल और नमन धीर भी टीम में शामिल हैं। वहीं, नियमित विकेटकीपर-बल्लेबाज केएल राहुल, तेज गेंदबाज अंशुल कंबोज और प्रसिद्ध कृष्णा सिर्फ शुरुआती तीन वनडे मैचों में ही खेलेंगे।



अपने खर्चे पर नेट गेंदबाज ले जाएंगे गिल

नई दिल्ली। न्यूजीलैंड के खिलाफ आगामी टेस्ट श्रृंखला की तैयारी को गंभीरता से ले रहे भारतीय टेस्ट कप्तान शुभमन गिल ने दौरे पर अपने खर्चे पर चार से पांच नेट गेंदबाज ले जाएंगे। विदेश दौरों पर भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) भी खिलाड़ियों के अभ्यास के लिए नेट गेंदबाजों की व्यवस्था करता है, लेकिन किसी भारतीय क्रिकेटर की ओर से अपने खर्च पर गेंदबाजों का अलग समूह ले जाने का यह पहला मामला माना जा रहा है। बीसीसीआई के एक अधिकारी ने बताया, 'गिल न्यूजीलैंड दौरे के लिए 23 या 24 अक्टूबर को रवाना हो सकते हैं। उनके साथ जाने वाले चार से पांच गेंदबाजों के यात्रा और अन्य खर्चों का भुगतान वह स्वयं करेंगे।'

Chhattisgarh State Industrial Development Corporation Limited
(A Government of Chhattisgarh Undertaking)
(ISO 9001: 2015 Certified)
1st Floor, Udyog Bhawan, Ring Road No.1, Telibandha, Raipur(C.G.)- 492006
CIN: U45203CT1981SG001853, PAN: AABCM6288N, GST Reg No. 22AABCM6288N5ZY
Phone: 0771-6621000 Fax: 0771-2583794
Website: www.csidc.in, Email address csidc.cg@nic.in,csidc_raipur@yahoo.com

NOTICE INVITING TENDER (2nd Call)
(Through e-Procurement Portal Only)

NIT No. 20 /CSIDC/E.E./Division-II/2026-27 Raipur, Dated: 15/10/2026

Chhattisgarh State Industrial Development Corporation Ltd., Raipur (CSIDC), a Government of Chhattisgarh Undertaking constituted under the Companies Act, engaged in Industrial Infrastructure Development & Other Related Activities in the State invites online tender in "Form-B" (Item Rate Basis) for the following work :-

Nit No.	Name of work	Registered Contractor in CGPWD or in appropriate class in other dep't.	Time allowed (including rainy season)	Probable Amount of Contract (PAC) (INR Lacs)	EMD (INR Lacs)	Cost of Tender Document (Including GST 18%)
20	Sprinkling of water on road surface through 4500 Ltr. capacity water Tanker with Tractor engine, water sprinkler pipe, diesel fuel, Tractor water, tanker driver at Industrial Area Urla, Bhanpuri, Rawabhata & Metalpark etc. Distt-Raipur (C.G.) complete for 1 year from the date of work orderForm "B" (Item Rate Basis)	Class-D & Above	12 Month	32.03 Lacs(Through Online https://eproc.cgstate.gov.in)	24100/- (Through Online cgstate.gov.in)	1770/-

The tender document containing detailed terms & conditions, scope of works and other details can be downloaded from the web portal (website) https://eproc.cgstate.gov.in from 15/10/2026 Time 17.00 hrs. and shall be submitted online only. Amendment in tender, if any, will only be uploaded on the website and shall not be published in any newspaper.

NOTE: The interested tenderers for online submission of tender may contact CG e-Proc Helpdesk. Operated by Mjunction Services Limited, they may reach Helpdesk using 18004199140 (from 9 AM to 11 PM) (therein press 2 for CG e-Proc) or you can email them at Helpdesk.eproc.cg@swan.gov.in.

S-49470/1 कार्यालय एवं दुकान हेतु स्थान उपलब्ध, वेबसाईट देखें www.csidc.in

Executive Engineer
(Division-II)

सिल्क रोड के इतिहास से जुड़े खुल सकते हैं बड़े रहस्य

झील के नीचे मिला 800 साल पुराना शहर

बिश्केक। वैज्ञानिकों को किर्गिस्तान में 800 साल पुराने शहर के निशान मिले हैं। यह देश की सबसे बड़ी झील नीचे स्थित है, जिसकी वैज्ञानिकों और गोताखोरों की टीम जांच कर रही है। सैकड़ों साल पुराना शहर किर्गिस्तान की इस्सिक-कुल झील में तोरू-आयगिर इलाके के पास मिला है। वैज्ञानिक यह जांच कर रहे हैं कि इस शहर में लोग कैसे रहते थे, उनका खानपान कैसा था और शहर पानी के नीचे कैसे पहुंचा। वैज्ञानिकों का मानना है कि शहर सिल्क रोड के पुराने व्यापारिक रास्तों से जुड़ा था। इस नई खोज से मध्य एशिया के पुराने इतिहास के बारे में नई जानकारी मिल सकती है।



बर्तनों और हड्डियों से क्या पता चलेगा?

वैज्ञानिकों को झील के नीचे मिट्टी के बर्तनों के टुकड़े और जानवरों की हड्डियां मिली हैं। इनकी जांच से यह पता चल सकता है कि पुराने समय में लोग क्या खाते थे और कैसे बर्तनों का इस्तेमाल करते थे। बर्तनों की बनावट से उनकी उम्र का अंदाजा लगाया जा सकता है। दो पुरानी कब्रगाहों और एक बड़ी इमारत के निशान भी मिले हैं। वैज्ञानिक यह पता लग रहा है कि इमारत का किस चीज के लिए इस्तेमाल किया जाता था। जांच के बाद भी शहर के जानकारियां मिल पाएंगी।



शहर और सिल्क रोड का संबंध

पुराने समय में सिल्क रोड व्यापारिक रास्तों का एक नेटवर्क था। इससे चीन से यूरोप तक सामान पहुंचाया जाता था। इस सड़क से रेशम और दूसरी चीजों का व्यापार होता था। साथ ही लोग अन्य जगहों के लोग एक-दूसरे की संस्कृति, धर्म और विचारों के बारे में भी जानते थे। किर्गिस्तान का क्षेत्र भी इन व्यापारिक रास्तों से जुड़ा था। वैज्ञानिकों को उम्मीद है कि झील के नीचे मिले शहर के निशानों से यह जानकारी मिल सकती है उस समय व्यापार किस तरह होगा और लोग कैसे रहते थे।

इमारतों के निशानों की हो रही जांच

वैज्ञानिकों को खोज के दौरान इस जगह पर मिट्टी के बर्तनों के टुकड़े, जानवरों की हड्डियां, पुरानी कब्रों और इमारतों के निशान मिले हैं। इन चीजों की जांच के बाद पचा चलेगा कि उस समय लोग कैसे रहते थे और उनके बीच व्यवहार कैसा था। 19 सदी से इस शहर के बारे में जानकारी थी, लेकिन अब वैज्ञानिक सही से जांच कर रहे हैं। वैज्ञानिकों और गोताखोरों की टीम झील के भीतर जाकर पुराने अवशेषों को जांच कर रही है। यह शहर पानी की सतह से करीब 1 से 4 मीटर नीचे है। 2024 में वैज्ञानिकों खोज शुरू की थी। वैज्ञानिक यह पता लगा रहे हैं कि आखिर शहर कितना बड़ा था। यहां पर कौन-कौन सी इमारतें थीं, जिसके लिए झील के नीचे मिली पुरानी चीजों और इमारतों के निशानों की जांच हो रही है।



देखने में एलियन जैसा, छूने पर देगा करंट मिलिए प्रकृति के सबसे अजीब कीड़े से

नई दिल्ली। प्रकृति में एक से बढ़कर एक अनोखे जीव मौजूद हैं। कुछ अपनी खूबसूरती से दिल जीत लेते हैं, तो कुछ इतने डरावने होते हैं कि उनके पास जाने से भी डर लगता है। आज हम आपको एक ऐसे ही विचित्र कीड़े के बारे में बता रहे हैं, जो पहली नजर में किसी एलियन या स्टारफिश जैसा दिखाई देता है। इसे छूने की भूल आपको भारी पड़ सकती है। क्या है यह अजीब जीव? एक की रिपोर्ट के अनुसार, इस अनोखे जीव का वैज्ञानिक नाम फोबेट्रॉन पिथेसियम है।



छूने पर क्यों लगता है करंट जैसा झटका?

दिखने में भले ही यह अनोखा लगे, लेकिन इसके शरीर के अंगों के नीचे छोटे-छोटे और खोखले कांटे छिपे होते हैं। जैसे ही कोई इंसान या शिकारी इसे छूता है, ये कांटे त्वचा में चुभकर जहर छोड़ देते हैं, जिससे मधुमक्खी के डंक या हल्के करंट जैसा झटका, तेज जलन और सूजन महसूस होती है।



हरिभूमि कम्यूनिकेशन्स प्राइवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक अनिल कुमार द्वारा हरिभूमि पब्लिकेशन्स, टिकरापारा, धमतरी रोड, रायपुर (छत्तीसगढ़)-492001 से मुद्रित एवं हरिभूमि काम्प्लेक्स, टिकरापारा, धमतरी रोड, रायपुर (छत्तीसगढ़)-492001 से प्रकाशित। प्रधान संपादक : डॉ. हिमांशु द्विवेदी, स्थानीय संपादक धनंजय वर्मा, संपादक (समन्वय) ब्रह्मवीर सिंह। RNI No. CHHHIN/2002/07457, फोन : 0771-4242222, e-mail:raipur@haribhoomi.com